मस्जिद नवाब मुकीम खान,बंगाली पंजा, नागपुर




सहरी 05 : 08
इफ़्तार 06 : 27

हिंदी दैनिक

# नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 नागपुर, मंगलवार, 11 मार्च 2025 अंक 148/ वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-

EXCLUSIVE
WEDDING
COLLECTION
•LACHA•BANARASI•LEHENGA
•DESIGNER • FANCY WORK
वैशाली
लहंगा अँन्ड सारिज़
लहंगा और साडीयों की महारानी
सराफा बाजार, इतवारी नागपुर. 9529081789, 9325112561 | समय : 10.00से 7.30 रविवार बंद

## पूर्व सीएम भूपेश बघेल के घर ईडी की रेड



**रायपुर.** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की रेड खत्म हो चुकी है। ईडी के अधिकारी भूपेश बघेल के निवास से बाहर निकल चुके हैं। ईडी की तरफ से भूपेश बघेल के बेटे को मंगलवार के दिन पूछताछ के लिए बुलाया गया है। ईडी के अधिकारी जैसे ही भूपेश बघेल के घर से बाहर निकले वैसे ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें घेर लिया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के जवानों के बीच जमकर झूमाझटकी हुई। पुलिस के जवानों ने मुश्किल से ईडी के अधिकारियों को भूपेश बघेल के घर से रवाना किया। इस दौरान ईडी की गाड़ी पर पत्थर भी फेंका गया। ईडी ने कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में छत्तीसगढ़ में 14 जगहों पर छापेमारी की है। ईडी को छापेमारी के दौरान 30 लाख रुपये कैश, पेन ड्राइव और कुछ दस्तावेज मिले हैं, जिनकी जांच की जा रही है। ईडी के डिप्टी डॉयरेक्टर लेवल के अधिकारी की गाड़ी पर भी हमला हुआ है।

# पेश हुआ महाराष्ट्र का 11वां बजट

### वित्त मंत्री अजित पवार ने खोला पिटारा, देखें राज्य के किसानों को क्या- क्या मिला ?

**मुंबई.**

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री अजित पवार ने विधानसभा में राज्य का 11वां बजट पेश किया। अपने बजट भाषण के दौरान अजित पवार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद करते हुए कहा कि केंद्रीय बजट में जो राहत दी गई, उसके लिए मैं प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय सरकार का आभार व्यक्त करता हूं। हम महाराष्ट्र के लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करेंगे।

किसानों के लिए क्या घोषणा? खेत और कृषि सड़कों के निर्माण के लिए एक नई योजना, "बलिराजा फार्म और फार्म रोड्स" शुरू की जाएगी, जो बीज, मशीनरी, उर्वरक और कृषि उपज के परिवहन के लिए महत्वपूर्ण हैं। नानाजी देशमुख कृषि संजीवनी परियोजना का दूसरा चरण 21 जिलों के 7,210 गांवों में क्रियान्वित किया जा रहा है और वर्ष 2025-26 में इस परियोजना के लिए 351 करोड़ 42 लाख रुपये का परिव्यय प्रस्तावित है। कृषि क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के उपयोग के लिए नीति तैयार की जा रही है। "कृत्रिम बुद्धिमत्ता" प्रौद्योगिकी का उपयोग किसानों को सरकारी, अर्ध-सरकारी और निजी क्षेत्रों में उपयोगी प्रणालियां प्रदान करने के लिए किया जाएगा, ताकि उन्हें फसल नियोजन पर सलाह दी जा सके, उत्पादन लागत कम की जा सके, उत्पादकता बढ़ाई जा सके, गुणवत्तापूर्ण कृषि उत्पाद तैयार किए जा सकें और उन्हें उचित एवं टिकाऊ बाजार उपलब्ध कराया जा सके। पहले चरण में 50 हजार किसानों की एक लाख एकड़ भूमि को इसका लाभ मिलेगा। इसके लिए अगले दो वर्षों में 500 करोड़ रुपये का कोष उपलब्ध कराया जाएगा।

महाराष्ट्र सिंचाई सुधार कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य में अधूरी सिंचाई परियोजनाओं को पूरा करने और नहर वितरण प्रणाली में सुधार के लिए नाबार्ड वित्त पोषण के पहले चरण में लगभग 5,000 करोड़ रुपये के कार्यों को मंजूरी दी गई है। जलयुक्त शिवार अभियान 2.0 के अंतर्गत 5,818 गांवों में 4,227 करोड़ रुपये की लागत के 1,48,888 कार्य शुरू किए गए हैं। मिशन का सारा काम मार्च 2026 तक पूरा किया जाना है। सरकार ने 19,300 करोड़ रुपये की लागत वाली महत्वाकांक्षी तापी महापुनर्भरण सिंचाई परियोजना शुरू करने का निर्णय लिया है। यह परियोजना उत्तर महाराष्ट्र और पश्चिमी विदर्भ के नमक क्षेत्रों के किसानों के जीवन में आमूलचूल परिवर्तन लाएगी तथा उनकी आय में वृद्धि करेगी। गोसीखुर्द राष्ट्रीय परियोजना ने दिसंबर 2024 के अंत तक 12,332 हेक्टेयर सिंचाई क्षमता सृजित की है और परियोजना को जून 2026 तक पूरा करने की योजना है।

वर्ष 2025-26 के लिए 1,460 करोड़ रुपये का परिव्यय प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री बलिराजा निःशुल्क बिजली योजना के तहत 7.5 हॉर्स पावर तक के 45 लाख कृषि पंपों को निःशुल्क बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। इस योजना के माध्यम से दिसंबर 2024 के अंत तक 7,978 करोड़ रुपये की बिजली सब्सिडी प्रदान की गई है। केन्द्र सरकार के राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत 2 लाख 13 हजार 625 लाभार्थी किसानों को अगले दो वर्षों तक 255 करोड़ रुपए की धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी।

छोटे, सीमांत किसानों और कृषि उद्यमियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए कृषि मूल्य श्रृंखलाओं के विकास के लिए 2100 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है। बालासाहेब ठाकरे कृषि व्यवसाय और ग्रामीण परिवर्तन-स्मार्ट परियोजना कार्यान्वित की जा रही है। राज्य को नई प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके टिकाऊ और उच्च मूल्य वाले कृषि व्यवसाय का केंद्र बनाने के लिए लगभग 2100 करोड़ रुपये की बाहरी वित्त पोषित परियोजना, "महाराष्ट्र कृषि व्यवसाय नेटवर्क-मैग्नेट 2.0" को लागू किया जाएगा। देशी गायों के पालन, संरक्षण और अनुसंधान के लिए देवलापार, जिला नागपुर स्थित गौ विज्ञान अनुसंधान केंद्र को सहायता प्रदान की जाएगी।

## 'एफडीआई में नंबर-1 पर महाराष्ट्र'



अजित पवार ने कहा कि महाराष्ट्र देश में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश में नंबर एक स्थान पर है। दावोस में महाराष्ट्र ने 56 कंपनियों के साथ 15.72 लाख करोड़ रुपये के समझौतों पर हस्ताक्षर किए, जिससे 16 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। महाराष्ट्र देश के कुल जीडीपी में 15.4% का योगदान करता है। वित्त मंत्री ने आगे बताया कि मुंबई महानगरीय क्षेत्र विकास प्राधिकरण को महाराष्ट्र का विकास केंद्र बनाने के लिए सात व्यापार केंद्रों की योजना बनाई गई है। इन केंद्रों के माध्यम से महाराष्ट्र को और अधिक व्यापारिक और औद्योगिक दृष्टि से सशक्त किया जाएगा।

### लॉजिस्टिक्स नीति-2024 की घोषणा

वित्त मंत्री अजित ने विधानसभा में कहा कि राज्य की 'लॉजिस्टिक्स नीति-2024' की घोषणा की गई है, जिसके माध्यम से 10 हजार एकड़ से अधिक क्षेत्र में समर्पित लॉजिस्टिक्स बुनियादी ढांचे का विकास किया जाएगा। परियोजनाओं को दिए जाने वाले विशेष प्रोत्साहन और सुविधाओं से लगभग 5 लाख प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे।



"अजित पवार ने विधानसभा में राज्य का 11वां बजट पेश किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट में जो राहत दी गई, उसके लिए मैं प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय सरकार का आभार व्यक्त करता हूं।"

## 'विकसित भारत' को लेकर बयान

उन्होंने यह भी कहा,"महाराष्ट्र 2047 तक प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत' के सपने को पूरा करने में अग्रणी होगा। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के 'विकसित भारत' के दृष्टिकोण को हम साकार करेंगे और महाराष्ट्र इस दिशा में नंबर एक होगा।" अजित पवार ने विधानसभा में कहा कि अर्थव्यवस्था के विकास चक्र को बढ़ावा देने के लिए चार प्रमुख कारकों में वृद्धि की आवश्यकता है। निजी और सरकारी निवेश, उपभोक्ता खर्च और निर्यात। उन्होंने कहा, "बुनियादी ढांचे में सरकार के निवेश और उद्योगों को दिए गए विभिन्न प्रोत्साहनों से बड़ी मात्रा में प्रत्यक्ष घरेलू और विदेशी निवेश आकर्षित हो रहा है। निजी निवेश से उत्पादन, रोजगार और आय में उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है। इसके अलावा, विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में जमा होने से क्रय शक्ति में वृद्धि हुई है। इसके परिणामस्वरूप बाजार में वस्तुओं और सेवाओं की मांग में वृद्धि हुई है। परिणामस्वरूप, निवेश-रोजगार सृजन-आय में वृद्धि-मांग-निवेश का विकास चक्र जारी रहेगा।"



# विकसित महाराष्ट्र साकार करने वाला और लोकाभिमुख बजट: मुख्यमंत्री फडणवीस

**मुंबई.**

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बजट को राज्य को आगे ले जाने वाला बताया है। बजट प्रस्तुत करने के बाद मुख्यमंत्री ने दोनों उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता की। मुख्यमंत्री ने कहा कि, विविध पैरामीटर को मापते और राजकोषीय घाटा को कम करते हुए बजट पेश किया। जिससे राज्य का सर्वांगीण विकास किया जा सकेगा। इस बजट के पांच स्तंभ हैं: कृषि, उद्योग, बुनियादी ढांचा, रोजगार और सामाजिक विकास। मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने आज यहां आश्वासन दिया कि हमारा भविष्य इस संतुलित बजट के अनुरूप होगा। उपमुख्यमंत्री तथा वित्त एवं योजना मंत्री अजीत पवार ने विधानसभा में वर्ष 2025-26 के लिए बजट पेश किया। मुख्यमंत्री फडणवीस इसके बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री तथा वित्त एवं योजना मंत्री पवार, राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले और वित्त एवं योजना राज्य मंत्री आशीष जायसवाल उपस्थित थे।




### महाराष्ट्र की विकास दर सबसे अधिक

मुख्यमंत्री ने कहा, "यह राज्य बजट संतुलित है। वह राजकोषीय घाटे को 2.7 प्रतिशत पर रखने में सफल रही है। पिछले वर्ष यह घाटा 2.9 प्रतिशत तक था। राजस्व संग्रहण और व्यय के बीच अच्छा संतुलन बनाए रखा गया है। राज्य के बजट का आकार अब सात लाख करोड़ तक पहुंच गया है। इस प्रकार, महाराष्ट्र अब उत्तर प्रदेश को छोड़कर अपनी जनसंख्या के सापेक्ष सबसे बड़े बजट वाला राज्य बन गया है। महाराष्ट्र की जीएसडीपी (सकल राज्य घरेलू उत्पाद) वृद्धि अच्छी है। पिछले दस वर्षों में यह दर 7.5 प्रतिशत तक पहुंच गयी है। इस उत्पादन में पांच से दस लाख करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है। इसलिए, हमारी उधार सीमा भी इस सीमा तक बढ़ गई है। इसलिए यह भी उल्लेखनीय है कि हमने निर्धारित ऋण सीमा का उल्लंघन नहीं किया है।

## ....फर्जी बजट: उद्धव ठाकरे



**मुंबई.** उन्होंने लाड़की बहिन योजना का पैसा बढ़ाने समेत कई अन्य मुद्दों पर सवाल उठाए. इस दौरान उन्होंने कहा कि, ''अगर आज आचार्य अत्रे होते तो कहते कि इतना फर्जी बजट पिछले 10 हजार साल में नहीं हुआ होगा. चुनाव अवधि के दौरान बडी बडी घोषणाएँ की गईं। हमें ऐसा नारा चाहिए जिससे ताली बजना बंद न हो. उद्धव ठाकरे ने कहा कि ''मारल्या होत्या थापा भारी, महाराष्ट्र केला कर्जबाजारी.

## ओवरलोड ट्रक पलटा, 6 की मौत

**छत्रपति संभाजीनगर.**



छत्रपति संभाजीनगर में भीषण सड़क हादसा हुआ जिसमें 6 मजदूरों की जान चली गई. यहां के कन्नड़ पिशोर घाट पर देर रात गन्ने से लदा ट्रक अचानक पलट गया. यहां 6 मजदूरों की मौत हो गई है और 11 की हालत गंभीर है. महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में भीषण सड़क हादसा हुआ जिसमें 6 मजदूरों की जान चली गई. यहां के कन्नड़ पिशोर घाट पर देर रात गन्ने से लदा ट्रक अचानक पलट गया. ऐसे में गन्ने की ट्रक पर बैठे 17 मजदूर घाट के करीब रास्ते पर नीचे गिर गए और उन मजदूरों पर ट्रक का लदा गाना गिर गया.

6 मजदूरों की जगह पर ही मौत हो गई, और 11 मजदूरों को छत्रपति संभाजीनगर और चालीस गांव के सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया है। पिशोर पुलिस इंस्पेक्टर रंगराव सानप ने बताया कि यह घटना रविवार की आधी रात को हुई, जब गन्ने से भरा ट्रक पिशोर की ओर से कन्नड़ जा रहा था. रास्ते में एक घाट आया और घाट के करीब रास्ते पर गन्ने से भरा हुआ ट्रक अचानक पलट गया. ट्रक गन्ने से भरा हुआ था और इस पर तकरीबन 17 श्रमिक मजदूर भी बैठे हुए थे. उन्होंने बताया कि ट्रक ओवरलोडिंग की वजह से रास्ते की ओर पलट गया और मजदूर दब गए.

## आम आदमी को धोखा देने वाला खोखला बजट: हर्षवर्धन सपकाल



**नागपुर.** महायुति के पेश किये बजट को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने धोखा देने वाला बजट बताया है। सपकाल ने कहा कि, "आज का बजट एक खोखला बजट है जो किसानों और महिलाओं सहित आम आदमी के साथ विश्वासघात करता है, तथा इसकी कोई दिशा, लक्ष्य या नीति नहीं है। इससे किसी भी पार्टी को फायदा नहीं होगा। सरकार ने चुनाव के दौरान किए गए वादों को पूरा न करके राज्य की जनता के साथ विश्वासघात किया है। राज्य वित्तीय संकट में है, उस पर आठ लाख करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज है तथा व्यय आय से अधिक है। सपकाल ने कहा कि, "राज्य बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि क्या यह राज्य बजट केवल शहरों के लिए बनाया गया है? वित्त मंत्री के भाषण में मेट्रो, फ्लाईओवर, सबवे, हवाईअड्डे और कनेक्टिविटी बुनियादी ढांचे का बोलबाला रहा। लेकिन राज्य की आम जनता की महंगाई और बेरोजगारी जैसी मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए सरकार के पास कोई ठोस नीति या उपाय नहीं है।

## ट्रक-एसयूवी की टक्कर में 8 की मौत; 13 घायल




**सीधी.** मध्य प्रदेश के सीधी जिले में एक दिल दहला देने वाला हादसा सामने आया है। यहां एक ट्रक और एसयूवी की टक्कर में 8 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 13 लोग घायल बताए जा रहे हैं। पुलिस ने घटना के बारे में जानकारी दी है। बता दें कि जिले में सोमवार तड़के एक ट्रक और स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) के बीच टक्कर हो गई। इस हादसे में सात लोगों की मौत हो गई है, जबकि 13 अन्य लोग घायल हो गए हैं।

पुलिस के अनुसार, यह हादसा सीधी-बहरी रोड पर उपनी पेट्रोल पंप के पास सुबह करीब 2.30 बजे हुआ। मीडिया से बात करते हुए पुलिस उपाधीक्षक गायत्री तिवारी ने बताया कि एक परिवार के सदस्यों को लेकर एसयूवी मैहर की ओर जा रही थी, जबकि ट्रक सीधी से बहरी की ओर जा रहा था। इसी दौरान उपनी पेट्रोल पंप के पास दोनों वाहनों में आमने-सामने की टक्कर हो गई। उन्होंने बताया, "इस दुर्घटना में एसयूवी में सवार सात लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य लोग घायल हो गए हैं। नौ घायलों को आगे के इलाज के लिए पड़ोसी जिले रीवा में रेफर कर दिया गया है जबकि अन्य का सीधी जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।" उन्होंने बताया कि ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया गया है तथा आगे की जांच की जा रही है।

## आईसीसी ने किया 'टीम ऑफ द टूर्नामेंट' का ऐलान

### रोहित को नहीं दी जगह

**दुबई.**



चैंपियंस ट्रॉफी 2025 आखिरकार खत्म हुआ। भारत ने टूर्नामेंट के फाइनल में न्यूजीलैंड को हराकर तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता। इस टूर्नामेंट के दौरान ऐसे कई खिलाड़ी थे, जिन्होंने पूरे टूर्नामेंट में अपनी-अपनी टीमों के लिए बेहतरीन प्रदर्शन किया है। अब इस टूर्नामेंट के समाप्त होने के बाद आईसीसी ने टीम ऑफ द टूर्नामेंट का ऐलान किया जिसमें उन्होंने 5 भारतीय खिलाड़ियों को जगह दी। इसमें सबसे खास बात ये रही कि भारत को चैंपियन बनाने वाले रोहित शर्मा को आईसीसी ने अपनी टीम में जगह नहीं दी है। आईसीसी ने 11 प्लेयर्स की टीम में ओपनर के रूप में रचिन रविंद्र और इब्राहिम जादरान को शामिल किया गया। जादरान ने इंग्लैंड के खिलाफ जबरदस्त शतकीय पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई थी। वहीं रचिन रवींद्र टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। तीसरे नंबर पर कोहली तो वहीं चौथे नंबर के लिए श्रेयस अय्यर को टीम में जगह दी है। कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ शानदार शतकीय पारी खेली थी। वहीं श्रेयस अय्यर 243 रनों के साथ भारत के लिए टॉप रन स्कोरर रहे। केएल राहुल को विकेटकीपर-बल्लेबाज के तौर पर पांचवें नंबर पर रखा गया है, उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में दो अर्धशतकीय पारी के बदौलत 140 रन बनाए थे। वहीं छठे नंबर पर न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स हैं। अफगानिस्तान के अजमतुल्ला उमरजई को बतौर ऑलराउंडर टीम में शामिल किया गया। इस चैंपियंस ट्रॉफी में उन्होंने गेंद और बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया था।

# बजट सत्र के दूसरे चरण के दौरान सदन में हंगामा

### विपक्ष ने किया वॉक आउट

**नई दिल्ली.**

संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण आज से शुरू हो गया है। हालांकि विपक्ष दलों ने मतदाता सूची में कथित हेराफेरी और लोकसभा सीटों के परिसीमन के मुद्दे को लेकर राज्यसभा में हंगामा किया। इसके अलावा आसन की ओर से इन मुद्दों पर कार्यस्थगन नियम के तहत चर्चा कराए जाने की मांग खारिज किए जाने के बाद उच्च सदन से वॉक आउट किया।



कार्यवाही आरंभ होते ही उपसभापति हरिवंश ने बताया कि उन्हें मतदाता फोटो पहचान पत्र (ईपीआईसी) क्रमांक के दोहराव, परिसीमन, भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अमेरिका से धन दिये जाने सहित कुछ मुद्दों पर तत्काल चर्चा कराने के लिए नियम 267 के तहत 12 नोटिस मिले हैं। उन्होंने सभी नोटिस अस्वीकार कर दिए। विपक्ष ने किया वॉक आउट, इसके बाद कांग्रेस और तृणमूल के नेतृत्व में विपक्षी सदस्यों आसन के निकट आ गए और हंगामा करने लगे। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के सदस्य आसन के निकट आकर लोकसभा सीटों के परिसीमन से दक्षिण के राज्यों पर पड़ने वाले प्रभाव के मुद्दे पर हंगामा कर रहे थे। उपसभापति हरिवंश ने विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे को अपनी बात रखने की अनुमति दी।

खरगे ने अभी उन्होंने बोलना शुरु ही किया था कि हरिवंश ने कहा कि वह खारिज किए जा चुके नोटिस से सबंधित मुद्दे नहीं उठा सकते। इसके बाद विपक्षी सांसदों ने कुछ देर तक विरोध प्रदर्शन किया और फिर सदन से बहिर्गमन किया। इन मुद्दों पर होनी है चर्चा, इसमें सरकार और विपक्ष के बीच 'ईपीआईसी' के मुद्दे पर टकराव होने की उम्मीद है। वहीं विपक्ष मतदाता सूची में कथित हेराफेरी, मणिपुर में हिंसा की ताजा घटना और ट्रंप प्रशासन से निपटने में भारत के रुख जैसे मुद्दों को उठाने की योजना बना रहा है। सरकार का ध्यान अनुदान मांगों के लिए संसद की मंजूरी प्राप्त करने के साथ-साथ बजटीय प्रक्रिया को पूरा करने, मणिपुर बजट के लिए अनुमोदन प्राप्त करने और वक्फ संशोधन विधेयक को पारित करने पर रहेगा।

वित्त मंत्री पेश करेंगी मणिपुर का बजट वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सोमवार को मणिपुर का बजट भी पेश करेंगी। एन. बीरेन सिंह के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे के बाद 13 फरवरी से मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू है।

### पेश किया जाएगा वक्फ संशोधन विधेयक

वहीं सरकार के लिए वक्फ संशोधन विधेयक को शीघ्र पारित कराना प्राथमिकता है। संसद की संयुक्त समिति ने विपक्ष के भारी विरोध के बीच विधेयक पर अपनी रिपोर्ट लोकसभा में प्रस्तुत की थी। मणिपुर में ताजा हिंसा, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा पारस्परिक शुल्क लगाने की धमकी, संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन पर राजनीतिक हंगामा जैसे मुद्दों के भी संसद में उठने की उम्मीद है। संसद के बजट सत्र का पहला चरण 31 जनवरी से 13 फरवरी तक चला, जबकि दूसरा चरण 10 मार्च से शुरू होकर चार अप्रैल तक चलेगा।

## बिहार में दिनदहाड़े ज्वेलरी शॉप में करोड़ों की लूट

**भोजपुर.** बिहार के भोजपुर जिले में दिनदहाड़े ज्वेलरी शॉप में करोड़ों की लूट का मामला सामने आया है। हथियार से लैस बदमाशों ने नगर थाना क्षेत्र के गोपाली चौक स्थित तनिष्क के शोरूम से करोड़ों के गहने और नकदी लूट लिया। ये मामला नगर थाना क्षेत्र के गोपाली चौक का है। भीड़भाड़ वाले इलाके में 6 से 7 की संख्या में हथियारों से लैस बदमाशों ने तनिष्क शोरूम में गहने और नकदी की लूट की घटना को अंजाम दिया है। इस दौरान लूटपाट करते हुए यह बदमाश करीब आधे घंटे तक शोरूम के अंदर रहे। बाहर किसी को लूट की भनक तक नहीं लगी। पैदल ही आए थे सभी लुटेरे: इन हथियार बंद बदमाशों ने तनिष्क शोरूम में कार्यरत गनमैन की बंदूक भी लूट ली। सभी लुटेरे पैदल ही आए थे और पैदल ही भाग गए। हालांकि, घटना की जानकारी मिलते ही नगर थाना सहित भारी संख्या में पुलिस बल तनिष्क शोरूम में पहुंच गई। तब तक लूट की घटना को अंजाम देकर सभी बदमाश भाग निकले थे।

# आंबेडकर, अटल, ठाकरे और संभाजी की याद में बनेंगे स्मारक

**मुंबई.**

महाराष्ट्र विधानसभा में फाइनेंस मिनिस्टर अजित पवार ने राज्य का बजट पेश किया। इस बजट में उन्होंने कई जनकल्याणकारी योजनाओं और इन्फ्रास्ट्रक्चर का ऐलान किया तो वहीं कई स्मारकों की भी घोषणा की। अजित पवार ने बजट में संभाजी महाराज के नाम पर स्मारक बनाने का ऐलान किया है। इसके अलावा इंदु मिल्स में बने आंबेडकर मेमोरियल का काम जल्दी ही पूरा करने का भरोसा दिया है। उन्होंने कहा कि संगमेश्वर में छत्रपति संभाजी महाराज का स्मारक बनेगा। वहीं बालासाहब ठाकरे का भव्य स्मारक भी मुंबई में बड़ी लागत से बन रहा है। इस बजट में इस स्मारक के दूसरे चरण के लिए ही 220 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है। इससे समझा जा सकता है







कि कितना बजट स्मारकों के लिए आवंटित हुआ है।

देवेंद्र फडणवीस सरकार के इस बजट में मराठी अस्मिता पर खासा जोर दिया गया है। वित्त मंत्री अजित पवार ने ऐलान किया कि यूपी के आगरा में महाराज छत्रपति शिवाजी का एक स्मारक बनेगा। यह स्मारक उस स्थान पर बनेगा, जहां से मुगलों की कैद से छूटकर शिवाजी निकले थे। इसके अलावा तमिलनाडु और दक्षिण भारत के अन्य राज्यों में हिंदी बनाम क्षेत्रीय भाषाओं वाले विवाद के बीच एक और अहम फैसला हुआ है। महाराष्ट्र सरकार ने 3 अक्टूबर को मराठी भाषा सम्मान दिन मनाने का ऐलान किया है। यह हिंदी दिवस की तर्ज पर ही मनाया जाएगा। बता दें कि हाल ही में तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने यह सवाल भी उठाया था कि आखिर हिंदी भाषा की तरह अन्य भाषाओं के लिए कोई दिवस क्यों नहीं है।

महाराष्ट्र सरकार ने अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती के मौके पर उनका स्मारक बनाने का ऐलान किया है। माना जा रहा है कि स्मारकों के बहाने महाराष्ट्र सरकार ने कई समुदायों को साधने का प्रयास किया है। आंबेडकर स्मारक के नाम पर उसने एक तरफ दलित अस्मिता को सम्मान दिया है तो वहीं अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर स्मारक बनाने से उत्तर भारतीयों और राष्ट्रवादी विचारधारा के लोगों को लुभाया जा सकेगा। मराठी अस्मिता की बात हो तो बालासाहब ठाकरे का जिक्र जरूरी हो जाता है। यही कारण है कि हर दल उनकी विरासत पर दावा करता है। इसी वजह से उनके स्मारक के लिए भी मोटा फंड आवंटित करने का ऐलान किया है। संभाजी महाराष्ट्र और छत्रपति शिवाजी तो महाराष्ट्र के लिए भावनात्मक विषय हैं, जिसका बजट में बखूबी ध्यान रखा गया है।

## तेज हुआ एकनाथ शिंदे का ऑपरेशन टाइगर!



**पुणे .** महाराष्ट्र के पूर्व कांग्रेस विधायक रविंद्र धंगेकर ने सोमवार को कांग्रेस छोड़ने का ऐलान किया और संकेत दिया कि वह एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल हो सकते हैं। पिछले कुछ महीनों से अटकलें लगाई जा रही थीं कि वर्ष 2023 में महाराष्ट्र के पुणे जिले की कसबा विधानसभा सीट पर उपचुनाव जीतने वाले धंगेकर सत्तारूढ़ शिवसेना में शामिल हो सकते हैं।

पिछले साल हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने उन्हें पुणे सीट से चुनावी जंग में उतारा था, लेकिन वह भाजपा के मुरलीधर मोहोल से हार गए थे। इसके बाद वर्ष 2024 के राज्य विधानसभा चुनाव में भी उन्होंने कसबा सीट से चुनाव लड़ा, लेकिन इस बार भाजपा के हेमंत रासने ने उन्हें पराजित किया। वर्ष 2023 के कसबा उपचुनाव में धंगेकर ने रासने को हराया था।

धंगेकर ने यहां पत्रकारों से कहा कि वह सोमवार शाम उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से मुलाकात करेंगे और उसके बाद शिवसेना में शामिल होने को लेकर अंतिम फैसला लेंगे।

उन्होंने कहा, 'कांग्रेस छोड़ना दुखद है। चुनावों में सभी ने मेरे लिए मेहनत की, लेकिन मेरे समर्थकों और मतदाताओं की भावनाएं हैं कि मुझे ऐसा फैसला लेना चाहिए जिससे (कसबा) क्षेत्र में विकास कार्य हो सकें।'उन्होंने बताया कि हाल ही में उन्होंने शिंदे और शिवसेना के मंत्री उदय सामंत से मुलाकात की थी जिन्होंने उन्हें साथ काम करने का प्रस्ताव दिया। उन्होंने कहा, 'अपने समर्थकों और मतदाताओं से चर्चा के बाद यह तय किया गया कि हमें शिंदे के साथ काम करना चाहिए। मैं आज उनसे मिलूंगा और उसके बाद निर्णय लूंगा।

खास बात है कि धांगेकर ने 90 के दशक में शिवसेना से ही राजनीतिक पारी की शुरुआत की थी। साल 2023 में भाजपा के गढ़ कस्बा पेठ में जीत के बाद वह चर्चा में आ गए थे। टाइम्स ऑफ इंडिया के अनुसार, उन्होंने कहा, 'मेरी एकनाथ शिंदे और उदय सामंत के साथ कुछ बैठकें हुई हैं। उन्होंने जोर दिया है कि मैं शिवसेना में शामिल हो जाऊं। मेरे क्षेत्र में समर्थकों और आम जनता से मिलकर मुझे एहसास हुआ कि जब तक आप सरकार में नहीं हैं, तब तक आपका काम होना मुश्किल है। इसलिए मैंने यह फैसला लिया।'

शिवसेना के अलावा वह राज ठाकरे की अगुवाई वाली महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना का भी हिस्सा रहे हैं। साल 2017 में उन्होंने मनसे से नाता तोड़कर कांग्रेस का दामन थाम लिया था। कहा जा रहा है कि धांगेकर की एंट्री से शिवसेना को पुणे जिले में फायदा हो सकता है। खासतौर से ऐसे समय में जब निकाय चुनाव की तैयारियां जोरों पर हैं। धांगेकर से पहले जुन्नार विधायक शरद सोनवाने भी शिवसेना में शामिल हो गए थे।

## औरंगजेब का मकबरा हम भी खत्म करना चाहते हैं: फडणवीस

**मुंबई .**

महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने मुगल शासक औरंगजेब की कब्र को लेकर अहम टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि हम सभी लोग चाहते हैं कि औरंगजेब की कब्र और मकबरे को हटा दिया जाए, लेकिन इसमें एक कानूनी अड़चन है। वह यह कि कांग्रेस की सरकार ने औरंगजेब को मकबरे को पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग यानी एएसआई को सौंप दिया था। अब कानून के अनुसार एएसआई के संरक्षण वाले किसी स्थान को हटाने का फैसला हम नहीं ले सकते। देवेंद्र फडणवीस का यह बयान अहम है क्योंकि राज्य में कई लोगों ने ऐसी मांग की है कि औरंगजेब के मकबरे को ही खत्म कर दिया जाए। मुगल शासक औरंगजेब की कब्र छत्रपति



संभाजीनगर में स्थित है और इसे मकबरे का रूप दिया गया है। इस मकबरे का संरक्षण फिलहाल एएसआई के हाथों में है।

सतारा लोकसभा सीट से भाजपा के सांसद उदयनराजे भोसले ने मांग की थी कि औरंगजेब की कब्र को ध्वस्त किया जाए। इस पर देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि हम भी भोसले जी की बात से सहमत हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी चाहते हैं कि इस मकबरे को खत्म कर दिया जाए, लेकिन कांग्रेस की सरकार के फैसले से इसमें अड़चन आ रही है। उदयनराजे भोसले मराठा शासक छत्रपति शिवाजी के वंशज हैं। महाराष्ट्र में छत्रपति शिवाजी भावनात्मक मुद्दा रहे हैं। अकसर उनके सम्मान को लेकर राजनीति छिड़ जाती है। फिलहाल यह बहस समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी के एक बयान को लेकर छिड़ी है, जिसमें उन्होंने औरंगजेब की तारीफ की थी।

## जीत के जश्न में जलाए पटाखे, चिंगारी से फ्लैट में लगी आग

**नासिक.** महाराष्ट्र के नासिक शहर में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में भारतीय क्रिकेट टीम की जीत का ऐसा जश्न मना कि एक फ्लैट में आग ही लग गई. यहां सड़क पर जलाए जा रहे पटाखों की चिंगारी एक घर में जा लगी जिससे ये हादसा हो गया. अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि कॉलेज रोड इलाके में रविवार रात करीब 10.30 बजे हुई इस घटना में कोई व्यक्ति घायल नहीं हुआ.

एक दमकल अधिकारी ने बताया कि कुछ लोगों ने सड़क पर पटाखे फोड़ दिए, जिसके कारण घर में आग लग गई. अधिकारी ने बताया कि सूचना मिलने के बाद दमकल कर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे. आग बुझाने में उन्हें करीब 30 मिनट का समय लगा.

अधिकारी ने बताया कि जब दमकल कर्मी आग बुझाने में व्यस्त थे, तभी भारतीय क्रिकेट टीम की



जीत का जश्न मनाने के लिए एकत्र हुए कुछ युवक दमकल वाहन पर भी चढ़ गए और उस पर नाचने लगे. उन्होंने बताया कि जश्न मनाने के लिए करीब 4,000 लोग इकट्ठा त्र हुए थे, जिससे आग बुझाने के अभियान में काफी दिक्कत हुई. बाद में पुलिस ने हस्तक्षेप कर भीड़ को तितर-बितर किया.

बता दें कि जीत के इस जश्न में देशभर में लोग हद से ज्यादा उत्साहित दिखे जिसने चलते अन्य अप्रिय घटनाएं भी हुई. इसी कड़ी में मध्य प्रदेश के महू में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की जीत के बाद निकाले गए विजय जुलूस पर कुछ उपद्रवी तत्वों ने पथराव किया. इस घटना से शहर में तनाव फैल गया.

कार्यालय नगर परिषद सावनेर
ता. सावनेर, जिल्हा नागपूर
जावक क्र.- नपसा /भा.वि./नि.वि./854/2025 दि. 10/03/2025

निविदा सूचना

मुख्याधिकारी, नगर परिषद सावनेर यांचे वतीने सन २०२५-२०२६ या आर्थिक वर्षाकरिता खालील कामासाठी संबंधित कंत्राटदार/पुरवठाधारकांकडून निविदा दर मागविण्यात येत आहे. सदर कामाचा तपशील खालील प्रमाणे आहे.

| अ. क्र. | कामाचे नाव | अनामत रक्कम | निविदा प्रपत्राची रक्कम | काम पूर्ण करण्याचा कालावधी |
|---|---|---|---|---|
| १. | आर्थिक वर्ष सन २०२५-२०२६ करिता न.प. कार्यालयाकरिता भाडेतत्वावर चारचाकी वाहन पुरवठा करणे. | १०,०००/- | १,०००/- | ३१ मार्च २०२६ पर्यंत |
| २. | आर्थिक वर्ष सन २०२५-२०२६ करिता न.प. कार्यालयाकरिता रंगरंगोटी साहित्य, प्लास्टिक पेंट व आवश्यक साहित्य पुरवठा करणे. | ५,०००/- | १,०००/- | ३१ मार्च २०२६ पर्यंत |
| ३. | आर्थिक वर्ष सन २०२५-२०२६ करिता न.प. कार्यालयाकरिता फर्निचर साहित्य पुरवठा करणे. | १०,०००/- | १०००/- | ३१ मार्च २०२६ पर्यंत |
| ४. | आर्थिक वर्ष सन २०२५-२०२६ करिता न.प. कार्यालयाकरिता स्टेशनरी साहित्य पुरवठा करणे. | १०,०००/- | १०००/- | ३१ मार्च २०२६ पर्यंत |
| ५ | आर्थिक वर्ष सन २०२५-२०२६ करिता न.प. कार्यालयाकरिता छपाई, बाइंडीग साहित्य पुरवठा करणे. | ५,०००/- | १०००/- | ३१ मार्च २०२६ पर्यंत |
| ६. | आर्थिक वर्ष सन २०२५-२०२६ करिता न.प. कार्यालयाकरिता होर्डिंग (फ्रेम सहित), बॅनर (फ्रेम सहित), स्टिकर इत्यादी पुरवठा करणे, | १०,०००/- | १०००/- | ३१ मार्च २०२६ पर्यंत |

निविदा वेळापत्रक

| | | |
|---|---|---|
| १. | निविदा फार्म विक्री | दिनांक ११/०३/२०२५ ते १८/०३/२०२५ ला सकाळी ११.०० ते दुपारी २.०० वाजेपर्यंत |
| २. | निविदा सादर करणे | दिनांक ११/०३/२०२५ ते १८/०३/२०२५ ला सकाळी ११.०० ते दुपारी ५.०० वाजेपर्यंत |
| ३. | निविदा उघडणे | शक्य झाल्यास निविदा दिनांक १८/०३/२०२५ ला दुपारी ५.४५ वाजता उघडण्यात येईल. |

टिप:- १) आपले दरपत्रक बंद लिफाफ्यात सादर करावे.
२) निविदे संबंधित इतर अटी व शर्ती कार्यालयीन वेळेत पहावयास मिळतील.
३) कोणतेही अथवा सर्व निविदा रद्द करण्याचे अधिकार मुख्याधिकारी, नगर परिषद सावनेर यांना राहतील.

स्वा./-
मुख्याधिकारी
नगर परिषद सावनेर

## प्यारी बहनों के लिए 2100 रुपये की किस्त में देरी!

**मुंबई.**

वित्त मंत्री अजित पवार नई सरकार के तहत महागठबंधन सरकार का पहला बजट पेश किया। अजित पवार ने राज्य की चहेती बहनों के लिए भी एक घोषणा की, जिसने कई लोगों का ध्यान खींचा, लेकिन इस बार लाखों महिला लाभार्थियों को निराशा हाथ लगी है. चुनाव के बाद 2100 रुपये प्रति माह की किस्त का इंतजार कर रही महिलाओं को बढ़ी हुई किस्त के लिए थोड़ा और इंतजार करना होगा।

**प्यारी बहनों के लिए अजित पवार का ऐलान**

उन्होंने कहा कि इस लोकप्रिय योजना के तहत जुलाई 2024 से अब तक लगभग 2 करोड़ 53 लाभार्थी महिलाओं को वित्तीय लाभ दिया गया है और इस पर 33,232 करोड़ का व्यय किया गया है. वहीं सरकार ने वर्ष 2025-26 में इस



योजना के लिए कुल 36 हजार करोड़ रुपये के परिव्यय का प्रस्ताव रखा है. इस योजना के अनुदान का उपयोग कुछ महिला समूहों द्वारा आर्थिक गतिविधियों के लिए प्रारंभिक पूंजी के रूप में किया गया है और ऐसे समूहों को और प्रोत्साहित करने के लिए एक विशेष योजना पर विचार किया जा रहा है। लाडली बहनों की बढ़ी हुई किस्त का इंतजार टल रहा है सरकार ने विधानसभा चुनाव जीतने के बाद लाडली बहनों को 2100 हजार प्रति माह देने का वादा किया था, जिसे महायुती सरकार ने पिछले साल शुरू किया था, लेकिन अभी तक इस संबंध में कोई घोषणा नहीं हुई है. हालांकि सरकार बने कई महीने बीत चुके हैं, लेकिन लाडली बहनों को सरकार बजट से जो किस्त देगी, उसमें बढ़ोतरी नहीं हुई है, उल्टे लाडली बहनों को 1500 रुपये मिलेंगे, ऐसा लग रहा है.

बहनों के अलावा वित्त मंत्री ने यह भी कहा कि "लेक लाड़की" योजना के तहत 1 लाख 13 हजार लाभार्थियों को सीधे तौर पर फायदा हुआ है. साथ ही वर्ष 2025-26 में इस योजना के लिए 50.55 लाख करोड़ रुपये का परिव्यय प्रस्तावित किया गया है। राज्य में लड़कियों की व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए ट्यूशन फीस और परीक्षा शुल्क की शत-प्रतिशत प्रतिपूर्ति की जाती है और उन परिवारों की लड़कियों को वित्तीय लाभ दिया जाता है जिनकी वार्षिक आय आठ लाख रुपये से कम है और जो केंद्रीकृत प्रवेश प्रक्रिया के माध्यम से मान्यता प्राप्त उच्च और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेती हैं।

## रविंद्र धंगेकर ने कांग्रेस से दिया इस्तीफा

**पुणे .** कांग्रेस के नेता रवींद्र धंगेकर ने सोमवार को कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया. बताया जा रहा है कि वो कांग्रेस को अलविदा कह शिव सेना में शामिल हो सकते हैं. कांग्रेस के पूर्व विधायक रवींद्र धंगेकर पिछले कुछ समय से नाराज चल रहे थे. उनकी पार्टी छोड़ने की चर्चाएं भी चल रही थीं. इन अटकलों पर विराम लगाते हुए 10 मार्च को कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया.

कांग्रेस से इस्तीफा देने के बाद रविंद्र धंगेकर ने कहा, "मैं एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जाना जाता हूं जो पिछले 30 वर्षों से पुणे के आम लोगों के लिए लड़ता आया हूं.

## आज का राशिफल

मेष- मेष राशि के जातकों के लिए कल दिन लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा. आपका कोई पुराना मित्र लंबे समय बाद आपसे मिलने आ सकता है.

वृषभ- राशि के जातकों के लिए दिन महत्वपूर्ण रहने वाला है. कार्य क्षेत्र में आपको कोई बड़ी उपलब्धि मिल सकती है.

मिथुन- राशि के जातकों के लिए दिन किसी नए काम को करने के लिए अच्छा रहेगा. आप अपने पिताजी से कामों को लेकर सलाह ले सकते हैं.

कर्क- राशि के जातकों के लिए दिन सोच समझ कर कामों को करने के लिए रहेगा. आपको किसी अजनबी पर भरोसा करने से बचना होगा.

सिंह- राशि के जातकों के लिए दिन कठिनाइयों भरा रहने वाला है. कार्य क्षेत्र में आपके बॉस यदि आपको कोई काम सौंपे.

कन्या- राशि के जातकों के लिए दिन सामान्य रहने वाला है. कार्य क्षेत्र में आपके सहयोगी कामों में आपका पूरा साथ देंगे.

तुला- राशि के जातकों के लिए दिन सेहत के मामले में उतार चढ़ाव भरा रहने वाला है.

वृश्चिक- राशि के जातकों के लिए दिन खुशियों से सराबोर रहने वाला है. आप यदि नौकरी में बदलाव करने की योजना बना रहे थे, तो वह आप कर सकते हैं.

धनु- राशि के जातकों के लिए दिन मिश्रित रूप से फलदायी रहने वाला है .आप किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं.

मकर- राशि के जातकों को अपने पारिवारिक मामलों को मिल बैठकर सुलझाने की आवश्यकता है. आपको वाहनों का प्रयोग सावधान रहकर करना होगा.

कुंभ- राशि के जातकों के लिए दिन मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है.

मीन- राशि के जातकों के लिए दिन सामान्य रहने वाला है. आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से परिवार के सभी सदस्य व्यस्त रहेंगे.

## जय श्री राम नारे का जवाब जय शिवाजी और जय भवानी से दें; ठाकरे

**मुंबई.**

शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने भारतीय जनता पार्टी पर समाज में जहर घोलने का आरोप लगाया। साथ ही, अपने समर्थकों से सत्तारूढ़ पार्टी के पसंदीदा 'जय श्री राम' नारे का जवाब 'जय शिवाजी' और 'जय भवानी' से देने को कहा। वह मुंबई एक कार्यक्रम में शिवसेना कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, "अगर कोई 'जय श्री राम' कहता है, तो 'जय शिवाजी' और 'जय भवानी' के जवाब के बिना उसे जाने न दें।" उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमारे समाज में जहर घोल दिया है। उन्होंने हमारे समाज के साथ जो किया है, उसके लिए मैं बीजेपी को माफ नहीं करूंगा।

उद्धव ठाकरे ने अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों पर भाजपा के रुख का हवाला देते हुए देश के प्रति उसकी प्रतिबद्धता पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि जहां बीजेपी नेता एक समय पाकिस्तान के साथ खेल आयोजनों का विरोध करते थे, वहीं भारत अब पाकिस्तान और बांग्लादेश दोनों के साथ क्रिकेट मैच खेल रहा



है। शिवसेना प्रमुख ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के हाल ही में विधानसभा में दिए गए उस कटाक्ष का भी जवाब दिया जिसमें उन्होंने कहा था, 'मैं उद्धव ठाकरे नहीं हूं जो चल रही परियोजनाओं पर रोक लगा दूं।'

**किसानों के लिए ऋण माफी की घोषणा करने की मांग**

पूर्व मुख्यमंत्री ठाकरे ने कहा कि अगर फडणवीस उनका कहा करना चाहते हैं तो उन्हें किसानों के लिए ऋण माफी की घोषणा करनी चाहिए। 10 मार्च को पेश होने वाले बजट में 'शिव भोजन' और 'लाडकी बहिन' योजनाओं जैसी पहलों के लिए संशोधित धनराशि आवंटित करनी चाहिए।

मेट्रो CLASSIFIED बिजनेस

DR. NANDI PATH LAB
Committed to your Wellness
OUR SERVICES: • BLOOD TESTS • BIOCHEMISTRY • HEMATOLOGY • MICROBIOLOGY • SEROLOGY & MORE
DR. GAURAV NANDI MBBS, MD (Patho)
Ex. ASSTT PROFESSOR SMCW, PUNE
Mobile No.: 8767516249 | 7420869774
Near Nutan Saraswati School, Main Road, Kamptee, Nagpur

Sabri
Professional DJ & Live Audio Sound Service
:: Booking Show ::
Qawwali, Ghazal. Sugam Sangeet, Jagran, Orchestra, Sufi Night, Celebrity Show, Govt. Meeting, School & College Gatherings, Wedding, Party Shows, Event & All Festival Planings, Trust, Lights, LED Wall.
M. 9503066685
Kharbi Chowk, Nagpur.

AVANI SOLAR SYSTEM
GSTIN No. : 27AHYPY4738N1ZX
VANDANA ABHIJEET YADAV Proprietor
Avani Udyog
(MSEDCL Approved Vendor)
Office Address
Ground Floor, LSN 52/3, Ranala Railway Gate, Kamptee, Nagpur - 441 001
E-mail : avanisolarandagriproducts@gmail.com
Cell : +91 9665055266 | +91 8999396631
Sales Office : "G1", Bhavani Apartment, Near Lokvihar, Phase 3, Bhilgaon, Nagpur - 440 026.

Star Path LAB
8 AM to 9 PM
UPTO 50% Discount
पॅथॉलॉजी लॅब
हमारे यहां सभी प्रकार के खून/ पेशाब/ मलमूत्र कि जॉच कम से कम दाम मे की जाती है। जैसे कि CBC, ब्लड शुगर, थायरॉयड, वात रोग, पीलिया, ब्लड कैंसर, TB (टी.बी), एलर्जी समेत समस्त प्रकार की जांच खून के द्वारा की जाती है।
(FREE/मुफ्त घर पहुंच सेवा उपलब्ध)
मो. 9372696143, 9370865828
बड़ा ताजबाग दरगाह रोड, नागपुर

इंग्लिश स्पीकिंग
E-PLANET SPEAKERS' ACADEMY
Talkative, Funny & Tricky
Morning / Evening BATCHES
अंग्रेज़ी बोलना सीखें बिना किताब और कलम से
हम भीड़ में दौड़ना नहीं जितना सिखाते है।
STUDENTS TEACHERS HOUSEWIVES JOB SEEKERS
NEW BATCHES | 5:00 PM TO 6:00 PM | 8:00 AM TO 9:00 AM
9960462058,7498325477
नया गोदाम, प्रबुध्द नगर, ईस्माइलपुरा, कामठी डॉ. (प्रा.) अभिषेक चिमणकर

ZOREN PROPERTY DEALERS
हमारे यहाँ खेती, फ्लॅट, डुप्लेक्स, घर, बंगलो, फार्म हाऊस, रिसॉर्ट खरेदी और बेचा जाता है
अफसर खान
M. 9371381114, 7038696893
सभी प्रकार के प्रॉपर्टी पेपर का काम किया जाता है

नसीब प्रिंटींग प्रेस
एस. सुधीर मो. 9372855880
डिजिटल बॅनर • विजिटिंग कार्ड
शादी कार्ड • रबर स्टॅम्प
बुक बाईडिंग • डीटीपी जॉब
रोटा प्रिंटींग • स्क्रीन प्रिंटींग
प्रांजल हॉस्पीटल व दुर्गा स्टॉरेन्ट के सामने, दुर्गा चौक, कामठी

ADMISSION OPEN
RKS PUBLIC SCHOOL
NURSERY to Std. IX
OUR FACILITY
Computer Lab • Cricket
Karate Class • Swimming Pool
Skating Class • Basket Ball
M. 8087955831 8956785080
Jaripatka Police Station Road, Nara, Nagpur

अंकित एंटरप्राइजेस
आनंद ठेकेदार : 7219847962
बिल्डिंग कॉन्ट्रैक्टर
हमारे यहां आरसीसी काम, बांधकाम काम, प्लास्टर, टाईल्स काम, पेंटिंग और पीओपी के सभी काम करके मिलेंगे।
"सकु आई मंजिल" नया गोदाम, कामठी

पाठकगणों को विनम्र सूचना : दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार में प्रकाशित होने वाले विविध विज्ञापनों की जांच-पड़ताल करने के बाद ही पाठकगण विज्ञापन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर आर्थिक व्यवहार करें। प्रकाशित विज्ञापन में अपने उत्पादन के संदर्भ में या सेवा के संदर्भ में विज्ञापन दाताओं द्वारा जो दावे पेश किए जाते है, उनकी दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार पत्र कोई गारंटी के साथ जवाबदेही नहीं देता। साथ ही विज्ञापन में किये गये दावों से दुष्परिणाम के लिए दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार पत्र के मुद्रक, प्रकाशक, संपादक तथा मालिक जिम्मेदार नहीं होंगे। कृपया पाठकगण उपरोक्त संबंध में ध्यान दें।
विज्ञान हेतू संपर्क करें : सौमित्र नंदी, उपसंपादक
मोबाइल नं. 9604758944, 9881272088

नमोश्री ऑनलाईन जॉब सेन्टर
विक्रीपत्र, बक्षिसपत्र, मृत्युलेख, हक्क सोडण्याचे लेख, प्रतिज्ञापत्र, हिबानामा, झोन दाखला, बँक प्रतिज्ञा लेख व ईडेलिटी बॅड, आखिव पत्रिका, 7/12, फेरफारपंजी, रजिस्ट्री डाटा इन्ट्री, झेरॉक्स, लेमिनेशन, कलर प्रिंट, वॉटसअप पिंट, आधार कार्ड डाउनलोड
उमेश्वर शामकुंवर
M.9326760744
तहसील व कार्ट के सामने, कामठी

## सुविचार

अगर जिंदगी में कुछ पाना हो तो तरीके बदलो, इरादे नहीं.

## संपादकीय

# एआई क्रांति की दिशा में

केंद्रीय आइटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पिछले दिनों इंडिया एआइ मिशन की पहली वर्षगांठ के मौके पर नयी दिल्ली में इंडिया एआई कंप्यूटर पोर्टल तथा डाटासेट प्लेटफॉर्म एआई कोष लांच किया, जिसे एआइ क्रांति की नयी शुरुआत माना जा रहा है. इनकी लांचिंग का उद्देश्य देश में एआई नवाचार को बढ़ावा देना तथा तकनीक तक पहुंच को सरल बनाना है. इससे विश्व का सबसे बड़े कंप्यूटर ढांचा विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है, जो चीनी एआई मॉडल डीपसीक से नौ गुना बड़ा होने वाला है. एआई कोष संप्रभु डाटासेट प्लेटफॉर्म है, जो भारतीय एआई मॉडल को विकसित और प्रशिक्षित करने में मदद करेगा.

यह एक ऑल इन वन डाटासेट प्लेटफॉर्म है, जो उच्च गुणवत्ता वाले गैर व्यक्तिगत डाटा तक आसान पहुंच प्रदान करेगा. इस प्लेटफॉर्म पर टूल्स, संसाधन और विशेषज्ञ मार्गदर्शन भी मिलेगा, ताकि नयी तकनीकी संभावनाओं को उद्योग में बदला जा सके. जबकि नये क्लाउड आधारित इंडिया एआई कंप्यूटर पोर्टल के जरिये शोधार्थी, स्टार्टअप्स और सरकारी एजेंसियां शोध तथा परीक्षण के लिए सब्सिडी वाले जीपीयूएस (ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट्स) को एक्सेस कर सकती हैं. इसके लिए करीब 10,000 जीपीयूएस लाइव कर दिये गये हैं. सरकार ने जीपीयूएस सब्सिडी रेट करीब 67 रुपये प्रति घंटा तय किया है. अगले तीन-चार साल में भारत अपने खुद के जीपीयू विकसित करेगा. दरअसल मार्च, 2023 में केंद्रीय कैबिनेट ने इंडिया एआइ मिशन के लिए 10,371.92 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दी थी. इनमें से 45 प्रतिशत फंड से लगभग 18,693 जीपीयूएस लगाये जाने का लक्ष्य है. नये जीपीयू हासिल करने की सरकार की इस मुहिम का उद्देश्य शोधार्थियों और स्टार्टअप्स को एआइ मॉडल बनाने के लिए जरूरी कंप्यूटिंग पावर से लैस करना है. यह मिशन पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप के जरिये एआइ नवाचार को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया गया है. अश्विनी वैष्णव ने इंडिया एआई मिशन के तहत देश के 27 शहरों में एआइ डाटा लैब बनाने की घोषणा भी की है, जिसका इस्तेमाल एआई के शोध और विकास के लिए किया जायेगा. भविष्य में भारत एआइ, सेमीकंडक्टर और डीपटेक में शीर्ष पांच देशों में शामिल होगा. केंद्रीय मंत्री ने ठीक ही कहा कि जिस तरह किफायती चंद्रयान मिशन के जरिये भारत ने चांद पर कदम रखा, उसी तरह भारत कम खर्च पर एआई का बुनियादी मॉडल विकसित करेगा. दरअसल 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में एआई एक बड़ी भूमिका निभा सकता है और इंडिया एआई मिशन इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है.

## संस्मरण

अवधेश कुमार

# मां के हाथों की रोटियां

बचपन के दिन याद करके बहुत रोता हूं। भला आज मैं अपनी मां के हाथों की बनाई हुई "रोटियां नहीं खा पा रहा हूं। वह लोग किस्मत वाले होते हैं। जो कम से कम अपने "माता-पिता" के साथ बैठकर शाम को खाना खाते हैं। ना तो मैं उनके दर्शन कर पा रहा हूं। मुझे याद है जब मैं कक्षा 7 में "जूनियर हाई स्कूल फतेहाबाद" में पढ़ने जाता था। तब मेरी मां मेरे लिए हमेशा खाने का टिफिन बांध कर रखती थी, ताकि मैं स्कूल में खाना खा सकूं।एक रोज की बात है, जब मैं सो रहा था। चिड़ियों के चहकने की चें चें की तेज आवाज आ रही थी। पिताजी मुझे जगा कर कह रहे थे, कि उठ जा बेटा तुझे स्कूल जाना है। 8 बज चुके हैं। इतने में घर के अन्दर से मां की आवाज आती है। अभी उसे सोने दो, मैं उसके लिए खाना बना रही हूं। स्कूल का समय 10:00 बजे से है। चला जाएगा। माता पिता जी के बीच बातें होने से मैं उठ गया। पिताजी को प्रणाम करके। स्कूल के लिए तैयार होने चला गया। तैयार होकर आया। तो मैंने देखा मां ने मेरे लिए दिन का खाना बांध दिया था। मां ने बोला बेटा तू खाना खा ले। मैंने मां से बोला मां तुम खा लेना। मैं स्कूल में खा लूंगा। मुझे स्कूल के लिए देर हो रही है। जैसे ही मैंने अपनी साइकिल उठाई, तो पिताजी ने आवाज लगाई। बेटा प्रमोद आज मैं "आगरा" जा रहा हूं। बोलो तुम्हारे लिए क्या लेके आना है। मैंने कहा पिताजी आप अपने हिसाब से देख लेना। और में स्कूल के लिए निकल पड़ा। जैसे ही मैं चौराहे के नजदीक पहुंचा। एकदम अचानक सामने से एक बिना नंबर की गाड़ी ने टक्कर मार दी। सड़क पर तेज गिरने से घुटने व सिर में चोट लगी। देखा तो सिर से खून बह रहा था। मेरी साइकिल कहीं और मेरा स्कूल का बस्ता कहीं। बैग की तरफ देखा तो मां ने जो खाना रखा था। वह जमीन पर बिखर चुका था। वह बिना नंबर वाली गाड़ी जो उत्तर प्रदेश में "जुगाड़" नाम से फैमस थी। फिलहाल भारत सरकार ने उस पर प्रतिबंध लगा दिया है। अब "जुगाड़" पूर्ण रूप से बंद हो चुकी हैं. मैं धरती पर बैठ कर ये सोच रहा था कि ये क्या हो गया। अचानक मेरा हाथ ऊपर की तरफ उठने लगा। मैंने देखा तो मेरा दोस्त "आकाश" था उसने कहा चलो खैरियत है। सब कुछ ठीक है। केवल तुम्हारी साइकिल का पहिया ही टूटा है, बाकी सब सलामत है। आकाश अपनी साइकिल पर बिठा कर ले गया और फिर उसने "डाक्टर मोहम्मद अफ़रोज़ जी के क्लीनिक" पर घुटने व सिर की पट्टी कराई। डॉ. साहब ने हमसे पट्टी के रूपये नहीं लिए। उन्होंने कहा आप जाओ आप बच्चों पर कहा से रुपए आए। उसके बाद मुझे आकाश स्कूल ले गया। काश आकाश जैसा दोस्त हर किसी को मिले। उस दिन स्कूल में एक बजे पहुंचे। हमारी "अध्यापिका कमलेश मैम" ने पूछा आज इतनी देर क्यों हुई। मैंने उन्हें पूरी घटना के बारे में बताया। उन्होंने कहा कोई बात नहीं, आज आप घर जाओ। कल से स्कूल आ जाना।

## पवित्र महीना 'माहे रमज़ान' विशेष

# अपने घर को नमाज वाला घर बना दें

### हमारी नमाज़ें बेअसर न होकर वे क़ुबूलियत के साथ अच्छे कर्मों के मार्ग प्रशस्त करने वाली होनी चाहिए

डॉ.एम.ए.रशीद, नागपुर



आमतौर पर मुस्लिम समुदाय में कम ही लोग पांचों समय की फ़र्ज़ नमाज़ें पाबंदी के साथ अदा करते हैं, दुर्भाग्य से मुस्लिम समाज में ज्ञान की कमी और अचेतन प्रयास के कारण नमाज़ों में भी अज्ञानता दिखाई देती है। अज्ञानता किसी नमाज़ी के लिए खेद या उपहास का कारण भी नहीं बनी है। अज्ञानता के कारण नमाज़ की अदायगी में मन मर्ज़ी की गतिविधियां कर ली जाती हैं। नमाज़ के दौरान कभी दोनों हाथों से कोई काम कर लिया जाता है, कोई इमाम की तकबीरात कहने से पहले ही रुकू और सिजदे में चला जाता है, इस तरह बहुत से अरकान की जानकारी पूरी तरह से नहीं होने के कारण नमाज़ों में अवैध गतिविधियां अंजाम दी जाती हैं। नमाज़ें अदा करते समय तथाकथित लोग सर्वशक्तिमान अल्लाह के गुणों और उसकी महानता को , तौहीद और रिसालत, दुरूद शरीफ़ और तोते की तरह रटी हुई शैली में व्यस्त रहते हैं। उन्हें न तो ईमान की ताज़गी नसीब हो पाती है और न ही अल्लाह का नूर मिल पाता है और न ही उन्हें किसी तरह की ऊर्जा मिल पाती है। ऐसी नमाज़ों से अल्लाह से मुलाक़ात ही नहीं हो पाती और वह एक मशीनी क्रिया जैसे हो कर रह जाती है। जबकि नमाज़ों को कड़ी मेहनत से, उसे बहुत अधिक प्रभावी और लोकप्रिय बनाने के लिए इतना अवश्य किया जाना चाहिए कि नमाज़ के दौरान पढ़ी जाने वाली पवित्र क़ुरआन की पंक्तियों का एकाग्रता से अनुवाद, क़याम में अल्लाह के सामने अदब, अहतेराम और असह्य बनकर



डर और ख़ौफ़ के साथ ऐसा खड़े होना चाहिए मानों अल्लाह आपको देख रहा है, रुकू, क़ौमा, सजदा, जलसा, क़ायदा और तशहुद के हर स्थान पर विनम्र रवैया अपनाने से बंदगी की अदायगी संभव हो जाएगी और नमाज़ों के बेअसर होने का आभास दूर हो जाएगा वरना ग़फ़लत और लापरवाही में दिल नहीं लगेगा, उसके भटकने से विस्मृति, भूल-चूक पैदा हो जाएगी और नमाज़ के बेअसर और ख़राब होने का अंदेशा खड़ा हो जाएगा। इसलिए नमाज़ों की अदायगी में बहत ज़्यादा संवेदनशील रहने की आवश्यकता है। नमाज़ों की अदायगी पश्चात जब मस्जिद से निकला जाए तो दिलों और अंदर एक खुशी महसूस होना चाहिए कि आज अल्लाह से मुलाक़ात हुई है। जब ऐसी नमाज़ों की अदायगी होने लगेगी तो विश्वास करने लायक यह बात होगी कि नमाज़ी के अंदर शक्ति पैदा होगी, वह बुराई से लड़ने का साहस पैदा करेगी, अच्छे कर्मों के मार्ग प्रशस्त करने वाली बन जाएगी। अल्लाह हम सभी को पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहू अ़लैहि वसल्लम की सुन्नत के अनुसार पांचों समय की नमाज़ें अदा करने की तौफ़ीक अता फ़रमाए, आमीन।

मौलाना डॉ मोहियुद्दीन ग़ाज़ी



रमज़ान के महीने में आप एक बड़ा काम यह भी कर सकते हैं कि अपने घर में नमाज़ को उसका असल मक़ाम लौटा दें। किसी और माह में यह काम इतना आसान नहीं होगा। माहे-रमज़ान में इसके लिए घर में माहौल साज़गार होता है।

इस्लामी घर की पहली और सबसे महत्वपूर्ण अलामत यह है कि वहाँ नमाज़ को हर मसरूफ़ियत से ज़्यादा अहमियत हासिल होती है। इस्लामी घर के टाइम-टेबल में नमाज की टाइमिंग्स बहुत रौशन अल्फाज़ में लिखी होती है। जिसका मतलब यह होता है कि जब नमाज़ का वक़्त हो जाए तो घर के सब लोगों के सामने एक ही जरूरी काम रहे और वह नमाज़ की अदायगी हो। जिस घर में बड़े और बच्चे नमाज़ का एहतिमाम करते हैं उस घर में बच्चे बड़ों का ख़याल और एहतिराम करते हैं। जब बड़े अपने बच्चों की तरबियत इस तरह करते हैं कि वह अपने रब के हुक़ूक़ पहचानें तो अल्लाह उन बच्चों के दिलों में अपने वालिदैन और बुजुर्गों के हुकूक का शऊर पैदा कर देता है। जो लोग अपने बच्चों की तरबियत करते वक़्त उनके दिलों में अल्लाह से ताल्लुक़ को बढ़ावा नहीं देते हैं उन्हें डरना चाहिए कि कहीं अल्लाह उन बच्चों की तरक़्क़ी करते हुए उनके दिलों से उनके बड़ों का ख़याल न निकाल दे। कुरआन मजीद में इस बात के लिए इशारे मौजूद हैं। बच्चों को नमाज़ का आदी और शौक़ीन बनाने का सबसे बेहतरीन तरीक़ा यह है कि उन्हें अपनी नमाज़ों का साथी बना लें। जब आप घर में रहें तो कोई नमाज़ उनके बिना नहीं पढ़ें। फ़ज्र से ले कर इशा तक हर नमाज़ में उनके साथ मस्जिद जाएँ और साथ ही वापस आयें। इस से एक फ़ायदा तो यह होगा कि बच्चे नमाज़ के आदी और शौक़ीन बनेंगे। दूसरा फ़ायदा यह होगा कि बच्चे आपके दोस्त बनेंगे, नमाज़ की कुरबत, जेनेरेशन गेप को कम करने का बेहतरीन ज़रिया बन सकती है। जितनी छोटी उम्र से आप अपने बच्चे को मस्जिद का साथी बना लें उतना ही अच्छा है। मस्जिद जाएँ तो बच्चों के साथ पुरलुत्फ़ बातें करते हुए मस्जिद जाएँ. मस्जिद का सफ़र उनके लिए बोझ नहीं बल्कि शौक़ बन जाए और यह उस वक़्त होगा जबकि मस्जिद जाना खुद आपके लिए बोझ नहीं शौक़ हो। यह बात जान लें कि मीठी और गहरी नींद से उठ कर नमाज़ पढ़ना एक मुश्किल काम है लेकिन अगर मेहनत करके उसे जिंदगी का मामूल, रुटिन बना लें तो वह बिलकुल मुश्किल नहीं रहता है।

ज़रूरी है कि सारे लोगों के दिलों में नमाज़ का मक़ाम हर काम से बुलंद रहे, साथ ही घर के सारे ही लोगों को भी यह मालूम रहे कि आपके दिल में नमाज का मक़ाम हर काम से बुलंद है। आप के ताल्लुक़ात की बुनियाद नमाज बन जाए। अगर बच्चे स्कूल का होमवर्क न करें या अपने हिस्से के घर का काम नहीं करें तो हो सकता है आप नज़रअंदाज़ कर दें लेकिन अगर वे नमाज़ नहीं पढ़ें तो आप उनसे ज़रूर नाराज़ हो जाएँ और उस वक़्त तक नाराज़ रहें जब तक कि वे नमाज़ पढ़ना शुरू न कर दें। उनको हमेशा यह एहसास रहे कि उनके नमाज़ पढ़ने से आपको बहुत खुशी हासिल होती है और उनका नमाज़ छोड़ देना आपके दिल पर इंतिहाई कठिन और नाक़ाबिल-ए-बर्दाश्त होता है। जब बच्चे आपकी मसरूफ़ियात में हस्तक्षेप करके आपको बताएं कि नमाज़ का वक्त हो गया है और जब बच्चे थकान के बावजूद यह सुझाव दें कि मस्जिद में जाकर नमाज़ पढ़ ली जाए तो समझें कि बच्चों का विकास नमाज़ की मुहब्बत के साथ हो रहा है। बेहद जरूरी है कि बच्चों के विकास में खाने के साथ नमाज़ भी शामिल रहे। खाना जिस्म का हिस्सा बने और नमाज़ रूह का हिस्सा बने वरना कमज़ोर रूह वाले तंदुरुस्त जिस्म को तैयार करके आप अपने बच्चों के साथ कोई भलाई नहीं करेंगे। आप के घर आने वालों को भी यह मालूम रहे कि आपके घर में नमाज़ को अल्लाह से ताल्लुक़ की ज़रूरी अलामत समझा जाता है और अल्लाह से मुहब्बत को हर मुहब्बत पर तरजीह दी जाती है। अगर कोई बेनमाज़ी मेहमान आपकी पुरतकल्लुफ़ मेहमान नवाज़ी का लुत्फ उठाता रहे और आप उसके इस रवैये पर फिक्रमंदी और नापसंदीदगी ज़ाहिर नहीं करें तो यह अच्छी बात नहीं है। इसका खराब असर आपके बच्चों पर भी पड़ता है, गैर-शऊरी तौर पर उनके दिल में नमाज की अहमियत कम होने लगती है। इब्राहीम (अलैहि.) ने अपने खानदान को अल्लाह के मोहतरम घर के पास बसाया, एक ऐसी वादी में जहाँ कोई पौधा नहीं उगता और मक़सद सिर्फ़ यह था कि वह नमाज़ का एहतिमाम करें। इब्राहीम (अलैहि.) जब बहुत बूढ़े हो गए उस वक़्त भी दुआ करते और कहते "मेरे रब मुझे नमाज़ का एहतिमाम करने वाला बना दे और मेरी औलाद को भी नमाज़ का एहतिमाम करने वाला बना दे।" इस्माईल (अलैहि.) की अल्लाह पाक के नजदीक बड़ी खूबी यह थी कि अपने घर वालों को नमाज़ और ज़कात की ताकीद करते थे। लुक़्मान (अलैहि.) भी अपने बेटे को नमाज़ का एहतिमाम करने की नसीहत करते। ईसा (अलैहि.) ने बचपन में अपने बारे में बयान दिया तो बताया कि मेरे रब ने मुझे हुक्म दिया है कि ज़िंदगी भर नमाज़ और ज़कात का एहतिमाम करता रहूँ। रसूल पाक सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम को विशेष निर्देश था कि अपने ख़ानदान को नमाज़ का हुक्म दें और उस पर जमे रहें। रसूल सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम की बीवियों को भी नमाज़ और ज़कात के एहतिमाम का विशेष आदेश दिया गया था। रसूलों की इस रौशन तारीख़ से हम भी अपने घरों को रौशन कर सकते हैं।

## व्यंग्य

# एक गधा क्रिकेट में



कृश् न चंदर को तो जानते ही होंगे आप। अरे, वही कृश् न चंदर जिनकी 'एक गधे की आत्मकथा' 'गधे की वापसी' 'एक गधा नेफा में' जैसी रचनाएं हैं। पहचान गए आप, शुक्र है, मैं तो डर ही गया था कि बात आगे कैसे बढ़ेगी। जनाब, बात ऐसी है कि आगे जो किस्सा है उसका नायक तो वही पुराना जाना पहचाना गधा है। आप कहेंगे इसमें नए और पुराने की बात कहां से आ गई. अब गधे तो गधे ही होते हैं, यही उनकी विशिष्ट पहचान है। यही तो, यहां बात है और गहरी बात है. पुराना और वही गधा इसलिए कि इसमें किश्नचंदरनुमा फार्मूले के अंतर्गत कुछ विशिष्ट किस्म की बुद्धिमत्ता डाली गई थी अन्यथा गधे तो सदियों से एक ही 'डाई' से निर्मित किए जा रहे हैं, निरीह किस्म के, गधेपन की चमक लिए, खरनुमा बुद्धिमत्ता से ओतप्रोत हालांकि ये बात अलग है कि 'गधों' को यह गलतफहमी है कि वे 'इमोशनल फूल' हैं. धोबी के प्यार में, घास के इकरार में, बोझा ढोने के इंतजार में। आप कहेंगे ये किस टाइप का इमोशन है,अब है तो है, इसलिए तो ये अब रहने भी दीजिए बार-बार क्यों एक ही बात दोहराई जाए. सो, अपने नायक के व्यक्तित्व का ज्यादा बखान न करते हुए बात का सिरा फिर से पकडा जाए ।मामला कुछ ऐसा है कि इस बार अपने 'गदर्भराज' की चेतना राजनीति, प्यार या देश को लेकर विचलित नहीं है, बल्कि वे कुछ नया सोच रहे हैं. बदलते वक्त के साथ वे भी काफी 'फ्यूचर प्लानिंग' में विश्वास रखने लगे हैं। उनका विचार है कि वे अपनी आने वाली संततियों के लिए आखिर विरासत में क्या छोडकर जा रहे हैं? उस पर उनकी पूरी जाति की निगाहें जरूर ही टिकी होंगी. हालांकि उनके पास काफी कुछ है फिर भी वे 'नेम-फेम-गेन' की कुछ एक्स्ट्रा व्यवस्था बैठाना चाहते हैं। अपनी पीढियों के लिए 'भारी-कुछ' छोडकर जाना चाहते हैं. क्या ?..शेयर, नहीं जनाब ये इंसाननुमा बातें गधों की खोपडी में नहीं समाती हैं. निवेश-ज्ञान दुर्भाग्य से उनके पिछले पूरे अनुभव में आसपास से ठीकठाक तरीके से भी नहीं गुजरा है, अन्यथा वे एकाध 'ट्राई' तो जरूर ही मार लेते खैर,अर्थजगत तो इस कृत्य में हिस्सा ना लिए जाने पर सदियों तक उनका अहसान उतार ही नहीं पाएगा। भारी विचार मंथन के उपरांत एक दिन उनके 'उन्नत ललाट' और 'विराट खोपडे' में क्रिकेट में कैरियर बनाने का आइडिया आ गया। तत्क्षण उन्हें अपने चारों ओर गर्दभ जाति,अपनी संतति, जयकार की ध्वनियां सुनाई देने लगा। आइडिया आने की खुशी में ही उन्होंने तीन चार बार कसकर 'रैंका-रांकी' की, फिर खुद भविष्य के रोल मॉडल के रूप में अपनी स्थिति का चिंतन कर संयमित मुद्रा धारण कर ली। अब वे उन उपादानों पर विचार करने लगे जो भविष्य में एक क्रिकेटर के रूप में उनमें होना चाहिए थे। अपनी हृष्ट-पुष्ट कद-काठी पर निगाह डालते ही उन्हें इस बात का तो पूर्ण संतोष हो गया कि बाकियों की तुलना में फिलहाल शारीरिक मजबूती में तो वे उच्चस्तर को प्राप्त हैं । शोरूमों के पास से गुजरते समय अक्सर वे कमेंट्री में मानसिक मजबूतीनुमा बातें अपने कर्णपटल पर रिसीव करते रहे हैं। सो, वे स्वतः मुस्कुराए फिर पिछली पंक्तियों वाली रोल मॉडल की बात याद आते ही दांतों पर ओष्ठ के पर्दे फिट करते हुए आगे वाली दुलत्ती से खोपडे को ठोककर देखा। 'टन्न' से मानसिक मजबूती का 'ईको'आने पर उन्होंने इस बाबत् भी इत्मीनान हो गया। दो उपादानों के पश्चात् चयनकर्ताओं से अपनी निकटता की याद आते ही निश्चिंतता हो गई कि यह महत्वपूर्ण गुण भी उनमें प्रचुर मात्रा में है। इन अहम जरूरतों के बाद उन्हें 'खेल में निपुणता' जैसी सारहीन बातों का भी ध्यान आया। जिसपर उन्हें लगा कि विकेटों के बीच उनकी दौड़ ही इस मामले को 'सब्सीट्यूट' कर देगी। अहा! 'वे' फिर मुस्कुराए.... खिलाडी तैयार है, नजर डालो.. ए नजरवालो.. प्रतिभा के बाजार में तैयार माल पड़ा है, उठा लो.. भिजवा दो किसी भी देश के टूर पर। वे फिर अपनी ही सोच पर कुंठित हुए, उन्हें कौन-कैसे उठा सकता है।

## लघु कथा

# और कोई रास्ता भी नहीं

रामेती कुम्हारिन का भट्टा शहर के एक कोने में था। दीये भट्टे में पक रहे थे। उन धुएं की लकीरों में रामेती और उसके पति रतिराम के चेहरे पर चिंता की लकीरें स्पष्ट दिखाई दे रहीं थी। पिछली दीवाली का दर्द और डर अभी तक मन में समाया था। पिछली दीवाली पर रतिराम ने बैंक से कर्ज लेकर खूब सारे दीये और दीवाली के अन्य सामान बनाये थे।

आशा थी दीये खूब बिकेंगे खूब लक्ष्मी बरसेंगी। पति रतिराम बेटी मुनिया बेटा धन्नू और वह स्वयं दीये बेचने के लिए निकले बाजार में दुकानें लगाई ठेले पर फेरी लगाई परंतु किसी ने भी उनके दीये नहीं ख़रीदे। उनके बाजू वाली दुकान से चीनी दीये धड़ाधड़ बिक रहे थे। उनकी लागत एवं मुनाफे को मिलाकर उससे बहुत कम कीमत पर सुन्दर चीनी दीये लोगों के मन को भा रहे थे।"बाजार में चीनी सामानों की बाढ़ आ रही है झालर दीये रंगबिरंगी मालाएं पिन से लेकर हवाई जहाज तक तो चीन से आकर बिक रहे हैं। "रतिराम ने ठेले से दीये उतारते हुए कहा।रुआंसी मुनिया रामेती से पूछने लगी "माँ क्या अब हमारे दीये नहीं बिकेंगे, मैंने कितनी मेहनत से बनाये थे माँ, लोग हमारे दिए क्यों नहीं खरीद रहे हैं?" रामेती क्या जवाब देती उसे तो खुद नहीं सूझ रहा था क़ि वह क्या करे।धन्नू कहने लगा "माँ अब क्या में नहीं पढ़ पाउँगा, पिताजी बैंक का कर्ज कैसे चुकाएंगे? हम साल भर क्या खाएंगे। रामेती की आँखों में आंसू झिलमिला रहे थे। रतिराम भावविहीन आंगन में फैले दीयों को देख रहा था। अचानक मुनियाँ की आवाज़ से उसकी तन्द्रा टूटी"मा इस दीवाली पर मैं नए कपडे लूगी"और मैं खूब सारे फटाके " उधर से धन्नू चिल्लाया हाँ माँ वहाँ चाइना की सेल लगी है सब चीजें सस्ती मिल रही हैं" धन्नू ने आशा भरी निगाहों से रामेती को देखा।हां बेटा चलेंगे हम चाइना सेल में सस्ती चीजें खरीदने और कोई रास्ता भी तो नहीं है। रामेती दोनों को दिलासा देते हुए अपने भट्टे की ओर बढ़ गई।


# हृदय स्वास्थ्य के लिए सर्वोत्तम दवा

> कैप. हृदय कवच, कैप. कार्डिओ अमृत, को-एच और क्लीन हार्ट सिरप

यह सभी हृदय रोगों से बचाव के लिए प्रभावी दवाएं हैं। आयुर्वेद एक शाश्वत चिकित्सा शास्त्र है। जिसमें शरीर के संपूर्ण स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखा गया है। इसकी चिकित्सा औषधी अत्यंत विशुद्ध अमृततुल्य होती है। जो दुष्परिणाम विरहित होकर चिकित्सा अपुनर्भव होती है अर्थात रोगों को समूल नष्ट कर देती हैं। इन उत्पादों के माध्यम से हृदय रोगों का प्रबंधन और उपचार संभव है, जिससे जीवन की गुणवत्ता में सुधार होता है। आजकल की भागदौड़ की जिंदगी में असमय, अशास्त्रीय तरीके से खाना पिना, रात्रि जागरण मानसिक एवं शारीरिक तनाव, आधुनिक जीवन शैली इत्यादि के कारण ऑक्युपेशनल डिसऑर्डर अर्थात जिवनशैली से अथवा काम में संबंधित विकार होने शुरु हो गये है। उसमें हाई बि.पी, शुगर के साथ हृदय विकार भी आमतौर पर देखे जा रहे हैं। आजकल स्त्री हो या






पुरुष 18 साल के ऊपर की उम्र के किसी भी व्यक्ती को हृदय रोग होते हुए देखे जा रहे हैं। उसका कारण आजकल की अशास्त्रीय आधुनिक जीवन शैली के अलावा कोविड-19 पैन्डेमिक भी माना जा रहा है। टॅबलेट डॉ कोलो एच और क्लीन हार्ट सिरप अत्यंत प्रभावी औषधी पायी गयी है। उपर्युक्त वर्णित हृदय रोग चाहे वह किसी भी आयु की व्यक्ति का हो उपर्युक्त वर्णित औषधियों से समूल संपूर्ण, नष्ट हो जाता है। इसके साथ स्वस्थ व्यक्ती भी अपने हृदय को स्वस्थ रखने, बीपी कोलेस्ट्रॉल को नॉर्मल रखने के हेतु से उपर्युक्त वर्णित औषधि अनुभवी वैद्यों की सलाह एवं परामर्श से सेवन कर सकते है। शिव शंकर 'आयुर्वेद एजेंसी' द्वारा निर्मित कैप-हृदय कवच और कैप-कार्डियो अमृत जैसे उत्पाद, हृदय रोगों के प्रबंधन और उपचार के लिए उत्कृष्ट विकल्प हैं। ये औषधियां न केवल हृदय स्वास्थ्य में सुधार करती हैं, बल्कि जीवन की गुणवत्ता को भी बढ़ाती हैं। योग कॉम्प्लेक्स, सिताबर्डी, टेम्पल बाजार रोड, महाजन मार्केट, नागपुर, आयुर्वेदिक दवाओं और उपचारों के साथ अधिक जानकारी और परामर्श के लिए, आप शिवशंकर आयुर्वेदिक क्लिनिक और शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी से अथवा इस 9112079000 / 8605245080 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

शिवशंकर आयुर्वेद एजन्सी


## आलेख

ललित गर्ग

# दूसरों की जिंदगी रोशन करने का सुख



वास्तविक खुशी और प्रसन्नता के कारणों पर कनाडा में एक शोध हुआ। उसके अनुसार धन की अधिकता से ही व्यक्ति प्रसन्नता महसूस नहीं करता है। बल्कि लोग अपना धन दूसरों पर खर्च कर ज्यादा प्रसन्न महसूस करते हैं। कोलंबिया यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं का कहना है कि चाहे खर्च की गई रकम छोटी ही क्यों न हो, व्यक्ति को प्रसन्न बनाती है। शोध में वे कर्मचारी ज्यादा खुश पाए गए जो बोनस की सारी रकम खुद पर खर्च करने के बजाय कुछ रकम दूसरों पर भी खर्च करते हैं। शोध दल की मुखिया प्रोफेसर एलिजाबेथ डन कहती हैं- इस बात से फर्क नहीं पड़ता कि कौन कितना कमाता है, लेकिन लोगों ने दूसरों के लिए कुछ खर्च करने के बाद अपने भीतर ज्यादा खुशी महसूस किया। सचमुच कई तरह से खुशियां देती है यह जिंदगी। वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन के अनुसार, 'जीने के केवल दो ही तरीके हैं। पहला यह मानना कि कोई चमत्कार नहीं होता है और दूसरा कि हर वस्तु एक चमत्कार है।' खुशी एवं मुस्कान भी जीवन का एक बड़ा चमत्कार ही है, जो जीवन को एक सार्थक दिशा प्रदत्त करता है। हर मनुष्य चाहता है कि वह सदा मुस्कुराता रहे और मुस्कुराहट ही उसकी पहचान हो। क्योंकि एक खूबसूरत चेहरे से मुस्कुराता चेहरा अधिक मायने रखता है, लेकिन इसके लिए आंतरिक खुशी जरूरी है। जीवन में जितनी खुशी का महत्व है, उतना ही यह महत्वपूर्ण है कि वह खुशी हम कहां से और कैसे हासिल करते हैं। खुश रहने की अनिवार्य शर्त ये है कि आप खुशियां बांटें। खुशियां बांटने से बढ़ती हैं और दुख बांटने से घटता हैं। यही वह दर्शन है जो हमें स्व से पर-कल्याण यानी परोपकारी बनने की ओर अग्रसर करता है। जीवन के चौराहे पर खड़े होकर यह सोचने को विवश करता है कि सबके लिये जीने का क्या सुख है?

जीवन केवल भोग-विलास एवं ऐश्वर्य के लिए ही नहीं है। यदि ऐसा है तो यह जीवन का अध:पतन है। आप अपनी सुख-सुविधाओं का ध्यान रखते हुए यदि परोपकार करेंगे तभी जीवन सार्थक होगा। अपनी आत्मा को पवित्र बनाकर निर्मल बुद्धि के द्वारा जग हिताय कार्य करना ही सफल जीवन है। इतिहास ऐसे महान् एवं परोपकारी महापुरुषों के उदाहरणों से समृद्ध है, जिन्होंने परोपकार के लिये अपने अस्तित्व एवं अस्मिता को दांव पर लगा दिया। देवासुर संग्राम में अस्त्र बनाने के लिए महर्षि दधीचि ने अपने शरीर की अस्थियों का दान कर दिया। जटायु ने सीता की रक्षा के लिए रावण से युद्ध करते हुए अपने प्राण की आहुति दे दी। पावन गंगा को धरती पर उतारने के लिए शिव ने पहले उसे अपनी जटाओं में धारण किया, फिर गंगा का वेग कम करते हुए उसे धरती की ओर प्रवाहित कर दिया।

नागपुर मेट्रो समाचार : फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादकः इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
नागपुर, मंगलवार, 11 मार्च 2025



# पुलिस स्टेशन कवंडे के उद्घाटन के दिन गढ़चिरोली पुलिस ने माओवादी स्मारकों को किया ध्वस्त

> माओवादियों ने मिडदापल्ली से कवंडे तक सड़क पर स्मारक बनाए थे

**गढ़चिरोली.**





जिला माओवादी गतिविधियों के लिए अत्यधिक संवेदनशील माना जाता है। यह एक सुदूर और अत्यंत दुर्गम क्षेत्र है जहाँ कई आदिवासी समुदाय अभी भी विकास से वंचित हैं। उनकी प्रगति को बढ़ावा देने और माओवादी हिंसा को रोकने के लिए, गढ़चिरौली पुलिस ने 9 मार्च, 2025 को भामरागढ़ उप-विभाग के अंतर्गत कवंडे में एक नया पुलिस स्टेशन स्थापित किया।

नए पुलिस स्टेशन की स्थापना की प्रक्रिया के दौरान, गढ़चिरौली पुलिस ने देखा कि माओवादियों ने आम लोगों के मन में दहशत पैदा करने और क्षेत्र में अपनी उपस्थिति महसूस कराने के लिए क्षेत्र में पुलिस स्टेशन के निर्माण से पहले ही मिडदापल्ली से कवंडे सड़क के किनारे स्मारक बना लिए थे। इसके आधार पर वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में गढ़चिरौली पुलिस के बीडीडीएस और सी-60 के जवानों ने 9 मार्च 2025 को क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया। अभियान के दौरान देखा गया कि माओवादियों ने मिडदापल्ली से कवंडे मार्ग पर और पुलिस स्टेशन कवंडे के आसपास कुल चार (04) स्मारक बनाए हैं। बीडीडीएस टीम द्वारा माओवादी स्मारकों और आसपास के क्षेत्र का गहन निरीक्षण करने के बाद सी-60 के जवानों ने माओवादियों द्वारा बनाए गए सभी ढांचों को ध्वस्त कर दिया। माओवादियों के गढ़ वाले क्षेत्रों में एओपी पेनगुंडा, पीएस नेलगुंडा और पीएस कवंडे की स्थापना करके और माओवादी स्मारकों को ध्वस्त करके गढ़चिरौली पुलिस ने इस सुदूर क्षेत्र में स्थानीय निवासियों में सुरक्षा की भावना पैदा की है। यह कार्रवाई श्री नीलोत्पल, एसपी, गढ़चिरौली, श्री यतीश देशमुख, एडिशनल एसपी (ऑप्स), श्री एम. रमेश, एडिशनल के मार्गदर्शन में की गई। एसपी (प्रशासन), श्री एम.वी. सत्यसाई कार्तिक, एडिशनल एसपी अहेरी, श्री विशाल नागरगोजे, डिप्टी एसपी (ऑप्स) और श्री अमर मोहिते एसडीपीओ भामरागढ़। इस अवसर पर एसपी श्री नीलोत्पल ने कहा, "इस क्षेत्र में माओवाद विरोधी अभियान तेज कर दिया गया है, और माओवादियों की हर गतिविधि पर कड़ी नजर रखी जा रही है।" उन्होंने यह भी आग्रह किया, "इस तरह के माओवादी स्मारकों का समाज में कोई स्थान नहीं है, और किसी को भी ऐसे अवैध ढांचे के निर्माण में भाग नहीं लेना चाहिए।"

## महाराष्ट्र की समग्र प्रगति के लिए संकल्पः सुधीर मुनगंटीवार

> वित्त मंत्री का आश्वासन, महाराष्ट्र अब नहीं रुकेगा

**चंद्रपुर.**



हमारी प्यारी बहनों, किसानों, युवाओं, आम नागरिकों, उद्यमियों आदि सहित समाज के सभी वर्गों को न्याय देने वाली पार्टी, जिसने महायुति को अभूतपूर्व बहुमत से जीत दिलाई।

उपमुख्यमंत्री अजित पवार द्वारा प्रस्तुत बजट के बारे में पूर्व वित्त मंत्री सुधीर मुनगंटीवार ने उन्हें बधाई दी है।

आर्थिक सुधारों और पूंजीगत व्यय में वृद्धि के माध्यम से विकास चक्र को बढ़ावा देकर राज्य की विकास दर बढ़ाने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए वित्त मंत्री द्वारा व्यक्त की गई मंशा बहुत महत्वपूर्ण है। मुंबई महानगर क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को 2030 तक 140 बिलियन डॉलर से 300 बिलियन डॉलर और 2047 तक 1.5 ट्रिलियन डॉलर तक ले जाने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ने का दृढ़ संकल्प भी राज्य की प्रगति और विकास के प्रति आशावादी है।

सुधीर मुनगंटीवार ने यह भी कहा है कि वित्तमंत्री का यह आश्वासन कि महाराष्ट्र अब नहीं रुकेगा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास के फार्मूले के अनुरूप, अत्यंत आशावादी है, जिसमें बुनियादी ढांचे, कृषि क्षेत्र, सड़क विकास, पर्यटन विकास, संस्कृति के पदचिह्नों को संरक्षित करने, महिला कल्याण, युवा कल्याण और खेल विकास सहित सर्वांगीण विकास का संकल्प पेश किया गया है।

## समग्र एवं विकासोन्मुख बजटः विधायक जोरगेवार



**चंद्रपुर.** बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए विधायक किशोर जोरगेवार ने कहा है कि, राज्य के उपमुख्यमंत्री और वित्तमंत्री अजीत पवार द्वारा पेश किया गया बजट समाज के हर वर्ग को छूता है और व्यापक और विकासोन्मुखी है। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों के लिए सरकार द्वारा किए गए प्रावधानों का भी स्वागत किया।

विधायक जोरगेवार ने कहा कि, "इस बजट में किसानों, श्रमिकों, युवाओं, महिलाओं और औद्योगिक क्षेत्र के लिए पर्याप्त प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि, "बुनियादी ढांचे, कृषि विकास, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्रों को दी गई प्राथमिकता निश्चित रूप से राज्य की प्रगति को बढ़ावा देगी. उन्होंने विशेष रूप से कृषि क्षेत्र के लिए सब्सिडी, जल संरक्षण योजना के लिए बढ़े हुए बजट और ग्रामीण क्षेत्रों में विकास पर जोर देने की सराहना की। उन्होंने यह भी विश्वास व्यक्त किया कि युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने और नए स्टार्टअप के लिए दिए गए प्रोत्साहन से राज्य की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। विधायक किशोर जोरगेवार ने कहा कि, यह बजट आम नागरिकों के हितों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है और यह निश्चित रूप से महाराष्ट्र को प्रगति के पथ पर ले जाएगा।

## एक व्यापक राज्य का बजट, जिसका लक्ष्य एक विकसित महाराष्ट्र बनानाः हंसराज अहीर



**चंद्रपुर.** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली सरकार ने महाराष्ट्र को एक विकसित राज्य बनाने और समाज के सभी वर्गों को न्याय प्रदान करने का प्रयास किया है। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री हंसराज अहीर ने कहा है कि राज्य के वित्त मंत्री अजीत पवार द्वारा विधानमंडल में प्रस्तुत वर्ष 2025-26 के लिए एक संतुलित बजट बनाकर, बजट में किसानों, मजदूरों, छात्रों, विकलांगों, महिला उत्थान के साथ-साथ अनुसूचित जाति और जनजाति, अल्पसंख्यकों, आदिवासियों, ओबीसी आदि के कल्याण के लिए पर्याप्त वित्तीय प्रावधान करके, महाराष्ट्र के सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक और आर्थिक विकास में आमूलाग्र परिवर्तन किया जाएगा। एक तालुका-एक बाजार समिति, जलयुक्त शिवार, ग्राम सड़क योजना, घरकुल योजना, कृषि में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, किसानों को दिन में बिजली की आपूर्ति, देशी गायों का पालन, एन.पी. क्षेत्र में अपशिष्ट जल उपचार के माध्यम से उद्योग और कृषि के लिए पानी का विकास, बांस उत्पादकों के लिए सुविधाएं और अन्य बुनियादी सुविधाएं राज्य के विकास का मार्ग प्रशस्त करेंगी। अहीर ने कहा कि सरकार ने अल्पसंख्यकों के लिए 812 करोड़ रुपये, सामाजिक न्याय विभाग के लिए 25,581 करोड़ रुपये, आदिवासी विभाग के लिए 21,495 करोड़ रुपये, अन्य पिछड़ा वर्ग और बहुजन कल्याण विभाग के लिए 4,368 करोड़ रुपये, विकलांगों के कल्याण के लिए 1,526 करोड़ रुपये, धनगर और गोवारी के लिए 22 कल्याणकारी योजनाओं के साथ-साथ गोसेखुर्द परियोजना के लिए 1,460 करोड़ रुपये और कृषि संजीवनी के लिए 351.42 करोड़ रुपये प्रदान करके बजट के माध्यम से समावेशी विकास को गति देने का प्रयास किया है।

## मुख्यमंत्री फडणवीस के नेतृत्व में राज्य की आर्थिक गाड़ी पटरी पर लौटेगीः हेमंत पाटिल

> राज्य की विकास दर 7.3% रहने का अनुमान.

**चंद्रपुर.**



राज्य में देवेंद्र फडणवीस के सत्ता में आने के बाद चौतरफा विकास की उम्मीद है। राज्य में विकास के संकेत भी मिल रहे हैं। इंडिया अगेंस्ट करप्शन के राष्ट्रीय अध्यक्ष और ओबीसी नेता हेमंत पाटिल ने शनिवार को भरोसा जताया कि फडणवीस के नेतृत्व में राज्य की आर्थिक गाड़ी फिर से पटरी पर आ जाएगी। दिलचस्प बात यह है कि पाटिल ने कहा कि यहां सकारात्मक माहौल है क्योंकि आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट में राज्य की विकास दर 7.3% रहने का अनुमान लगाया गया है, जबकि देश की विकास दर 6.5% रहने की उम्मीद है।

महाविकास आघाड़ी काल में रुके हुए विकास कार्यों को सरकार तेजी से पूरा करने के लिए तत्पर है। इससे कृषि क्षेत्र के साथ-साथ औद्योगिक और सेवा क्षेत्र में भी उत्साह का माहौल बना है। पिछले वर्ष 2023-24 में भी राज्य की विकास दर 7.6% थी। हालांकि, पाटिल ने कहा कि राजनीतिक स्थिरता के कारण इस वर्ष वृद्धि की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। राज्य की प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि होने की संभावना है। सरकार के सामने राज्य पर चढ़े कर्ज के पहाड़ को कम करने की चुनौती होगी। सरकार पर 8 लाख करोड़ रुपए का कर्ज होने की संभावना है। पाटिल ने फडणवीस सरकार से इस कर्ज को कम करने के लिए उचित उपाय करने की अपील की। पिछले साल ब्याज पर 48,000 करोड़ रुपये खर्च हुए थे। पाटिल ने ऋण राशि चुकाते समय विकास कार्यों और जनोपयोगी योजनाओं के लिए वित्तीय प्रावधान में कटौती नहीं करने की अपील की है।

फडणवीस सरकार किसानों को इस अभूतपूर्व संकट से उबारने के प्रति सदैव सकारात्मक है। पाटिल ने आर्थिक सर्वेक्षण के आधार पर दावा किया है कि सरकार ने बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से हुए नुकसान की भरपाई के लिए किसानों को 1,470 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। पाटिल ने कहा कि यदि सरकार औद्योगिक क्षेत्र में अच्छा काम करके रोजगार सृजन और निवेश आकर्षित करने पर अधिक ध्यान केंद्रित करे तो विकास की गति बढ़ जाएगी।

## महाराष्ट्र का बजट रोजगारोन्मुखी और समावेशी है : डॉ. अशोक जीवतोड़े

**चंद्रपुर.**



मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली नई सरकार का महाराष्ट्र राज्य बजट वित्त मंत्री अजीत पवार के माध्यम से पेश किया गया. बजट रोजगारोन्मुखी है क्योंकि इसमें भविष्य में 71 लाख 7 हजार 500 नौकरियां प्रदान करने का संकल्प है, ऐसा भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के महाराष्ट्र राज्य उपाध्यक्ष डॉ. अशोक जीवतोड़े ने कहा।

यह एक व्यापक बजट है जिसमें सभी तत्वों को एक साथ शामिल किया गया है। इस बजट में भौतिक संसाधनों के साथ-साथ नागरिकों के उत्थान पर भी व्यापक विचार किया गया है। कुल मिलाकर यह बजट अगले पांच वर्षों में राज्य को एक नई दिशा देगा और इसे विकसित महाराष्ट्र की ओर ले जाएगा, ऐसा भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के महाराष्ट्र राज्य उपाध्यक्ष डॉ. अशोक जीवतोड़े ने कहा कि, राज्य की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन डॉलर बनाने के लक्ष्य में कई योजनाएं शामिल हैं, जिनमें भौतिक संसाधनों के कल्याण और नागरिकों के उत्थान पर व्यापक विचार किया गया है।

## महाराष्ट्र की जनता को धोखा देने वाला बजटः सांसद प्रतिभा धानोरकर

**चंद्रपुर.**



2025-26 का बजट राज्य के सभी वर्गों के लिए भ्रामक है। किसानों के लिए कर्ज माफी की कोई घोषणा नहीं की गई है। प्यारी बहनों से किया गया वादा पूरा नहीं हुआ। सिर्फ घोषणाएं करके सभी तत्वों को गुमराह किया गया है। यह सरकार मोटर वाहनों पर कर बढ़ाकर भी आम जनता को गुमराह कर रही है। यह किसानों, खेत मजदूरों और उद्योगपतियों के लिए अत्यंत निराशाजनक और महाराष्ट्र की जनता को धोखा देने वाला बजट है।




## मानवटकर कॉलेज ऑफ नर्सिंग में मनाया गया महिला दिवस

**घोडपेठ.**




मानवटकर कॉलेज ऑफ नर्सिंग में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. माधुरी मानवटकर ने की, जबकि प्रमुख अतिथि के रूप में कृपा चक्रनारायण (एलएचवी, घोडपेठ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र) उपस्थित थीं।कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक और प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यार्थियों ने नृत्य, गायन और नाटक प्रस्तुत करके सभी का मन मोह लिया। इसके अलावा, डॉ. माधुरी मानवटकर और कृपा चक्रनारायण ने 'एक्सीलेरेट एक्शन' के 2025 के थीम के तहत महिलाओं के अधिकारों, अवसरों और सशक्तिकरण पर प्रभावी मार्गदर्शन किया।

उन्होंने महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और समाज से उचित अवसर प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही यह भी कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए सभी को आगे आकर काम करना चाहिए। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य, शिक्षकों और महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा किया गया। उपस्थित मान्यवरों ने इस प्रकार के कार्यक्रमों को महिलाओं के लिए प्रेरणादायक बताया और आयोजन की सराहना की।

## मुख्यमंत्री चंद्रपुर में अपराध पर अंकुश लगाएं

> कांग्रेस शहर जिला अध्यक्ष रितेश तिवारी की मांग

**चंद्रपुर.**



दिनबदिन लगातार जिले में गंभीर अपराध बढ़ गए हैं. पुलिस और कानून के डर से बेखौफ अपराधी अब पुलिस पर भी हमले करने से नहीं डर रहे ही. कुछ दिन पहले जटपुरा गेट के पास एक पुलिस सब-इंस्पेक्टर पर हमला हुआ था। यह घटना अभी ताजा ही थी कि पठानपुरा गेट के पास एक बार में मामूली विवाद की वजह से दो पुलिसकर्मियों पर जानलेवा हमला किया गया। इस हमले में एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई तथा एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। चंद्रपुर शहर कांग्रेस कमेटी के शहर जिला अध्यक्ष रितेश (रामू) तिवारी ने कहा कि यह स्थिति अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और क्रोधजनक है।

तिवारी ने कहा कि अपराधियों का बढ़ता हौसला और बिगड़ती कानून व्यवस्था सरकार की विफलता के प्रतीक हैं। अब सवाल यह है कि आखिर इन अपराधियों को पनाह कौन दे रहा है ? चंद्रपुर शहर में जहां दिनदहाड़े अपराध हो रहे हैं, वहीं पुलिस पर हमले स्पष्ट रूप से कानून-व्यवस्था की पूर्ण विफलता का संकेत देते हैं।

गृह मंत्री और राज्य के मुख्यमंत्री होने के नाते अपराधियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए, अन्यथा पुलिस और प्रशासन पर नागरिकों का विश्वास उठने का खतरा है। कांग्रेस शहर जिला अध्यक्ष रितेश (रामू) तिवारी ने मांग की है कि चंद्रपुर को फिर से सुरक्षित बनाने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं।

इस घटना से शहर के नागरिकों में भय का माहौल व्याप्त हो गया है तथा पुलिस पर ही हमले से कानून व्यवस्था का मुद्दा सामने आ गया है। तिवारी ने यह भी चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने इसे गंभीरता से नहीं लिया तो जनता का गुस्सा भड़केगा।

# श्रीदेवी की आखिरी फिल्म का सीक्वल बनायेंगे बोनी कपूर



बॉलीवुड की दिग्गज और दिवंगत एक्ट्रेस श्रीदेवी एक्टिंग, डांस और खूबसूरती हर मामले में अव्वल थीं. दुर्भाग्यवश ये अदाकारा अब हमारे बीच नहीं हैं. करीब सात साल पहले साल 2018 में श्रीदेवी का निधन हो गया था. लेकिन अब श्रीदेवी को लेकर उनके पति और मशहूर प्रोड्यूसर बोनी कपूर ने एक बड़ा कदम उठाया है. बोनी कपूर श्रीदेवी की आखिरी फिल्म का सीक्वल बनाने का प्लान कर रहे हैं.

बोनी कपूर ने खुद ये खुलासा आई-आईएफए 2025 के दौरान किया. बोनी ने अपनी दोनों बेटियों खुशी कपूर और जान्हवी कपूर की तारीफ भी की. लेकिन उन्होंने कुछ ऐसा भी कह दिया जिसके बाद जान्हवी कपूर को बड़ा झटका लग सकता है. बोनी कपूर ने श्रीदेवी की आखिरी फिल्म मॉम के सीक्वल पर बात करने के साथ ही ये भी बता दिया कि वो इस फिल्म में बतौर लीड एक्ट्रेस अपनी छोटी बेटी खुशी को कास्ट करेंगे. आईआईएफए 2025 के ग्रीन कारपेट पर मीडिया से बात करते हुए बोनी कपूर ने बताया कि उन्होंने अपनी छोटी बेटी खुशी की सभी फिल्में 'द आर्चीज', 'लवयापा' और 'नादानियां' देखी हैं. फिलहाल नो एंट्री पर काम कर रहे बोनी कपूर ने बताया इस फिल्म के बाद वो खुशी को लेकर एक फिल्म की प्लानिंग कर रहे हैं जो मॉम 2 हो सकती है. खुशी अपनी मां की राह पर चलने की कोशिश कर रही है. मुझे उम्मीद है कि खुशी और जान्हवी दोनों ही अपनी मां की तरह सफलता हासिल करेंगी.

जान्हवी कपूर ने साल 2018 में फिल्म 'धड़क' से डेब्यू किया था. जबकि खुशी का डेब्यू साल 2023 में नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई फिल्म 'द आर्चीज' से हुआ था. इसके बाद वो फिल्म 'लवयापा' के जरिए बिग स्क्रीन पर नजर आईं. जबकि इन दिनों खुशी फिल्म 'नादानियां' में नजर आ रही हैं. उनके अपोजिट लीड रोल में सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान हैं. ये इब्राहिम की डेब्यू फिल्म है.श्रीदेवी ने महज चार साल की उम्र से फिल्मों में काम करना शुरू कर दिया था. अपने लंबे और सफल करियर में इस अभिनेत्री ने ढेरों फिल्में की और कई यादगार किरदार निभाए. श्रीदेवी की आखिरी फिल्म 'मॉम' साल 2017 में रिलीज हुई थी. इस क्राइम थ्रिलर फिल्म का डायरेक्शन रवि उदयवार ने किया था जिसमें श्रीदेवी ने देवकी सबरवाल की भूमिका निभाई थी.



## कृति सेनन की सादगी पर दिल हार बैटे फैंस

बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन के आईफा 2025 के लुक वायरल हो रहे हैं. एक्ट्रेस ने ऑफ व्हाइट कलर की आउटफिट पहनी है. जिसमें वो बला की खूबसूरत लग रही हैं. कृति ने आईफा के रेड कार्पेट पर ऑफ व्हाइट कलर का आउटफिट पहना था. उन्होंने अपने इस लुक को बहुत सी खूबसूरती से कैरी किया था. कृति के आउटफिट की बात करें तो उन्होंने लहंगे के साथ एक लॉन्ग जैकेट टाइप कैरी किया था. अपने लुक को निखारने के लिए उन्होंने हैवी गोल्ड ज्वैलरी पहनी थी.मेकअप की बात करें तो उन्होंने डार्क ब्लैक आईज की थीं और एक पोनी बनाई थी. जिसमें भी गोल्डन एसेसरी लगवाई थी. कृति के लिए ये आईफा खास रहा है. उनकी फिल्म दो पत्ती को अवॉर्ड मिला है.कृति को दो पत्ती के लिए लीडिंग एक्ट्रेस के अवॉर्ड से नवाजा गया है. उन्होंने अवॉर्ड के साथ अपनी कई फोटोज भी शेयर की हैं.कृति की इन फोटोज पर फैंस ढेर सारे कमेंट कर रहे हैं. एक ने लिखा- रॉयल क्वीन. वहीं दूसरे ने लिखा- सबसे खूबसूरत. वर्कफ्रंट की बात करें तो कृति के पास इस समय कई प्रोजेक्ट्स हैं.जल्द ही उनकी नई फिल्म फैंस को देखने को मिलेगी. कृति की फिल्मों का फैंस को बेसब्री से इंतजार रहता है.

# एआई से बदल जाएगी फिल्म इंडस्ट्री

## माधुरी के पति डॉक्टर श्रीराम नेने ने बताए फायदे

जयपुर में हुए आईफा अवॉ* 2025 में कई दिग्गज सितारों की मौजूदगी देखी गई. इस समारोह में धक धक गर्ल माधुरी दीक्षित भी अपने पती डॉक्टर श्रीराम नेने के साथ पहुंची थीं. अवॉर्ड समारोह से माधुरी और उनके पति डॉक्टर नेने से खास बातचीत की. इस दौरान डॉक्टर नेने और माधुरी ने भारतीय सिनेमा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के इस्तेमाल पर बात की. डॉक्टर नेने ने सिनेमा में एआई के इस्तेमाल के फायदे के बारे में भी बताया.माधुरी दीक्षित ने एआई पर अपनी राय रखते हुए कहा कि ये अभी शुरुआत ही है. मुझे नहीं लगता कि जो कुछ लोग कहते हैं कि वो एक्टर्स को रिप्लेस कर देंगे वो सही है. मुझे लगता है ऐसा होने में काफी वक्त है. माधुरी ने कहा कि हालांकि एआई अन्य कई चीज़ें कर सकता है. श्रीराम नेने ने कहा कि हम कंपनियों में इन्वेस्ट कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है कि आप रचनात्मकता को रिप्लेस कर रहे हैं.

श्रीराम नेने ने कहा कि अगर लार्ज लैंग्वेज मॉडल (एलएलएम) के जरिए एक्टर्स का डुप्लिकेट तैयार किया जा सके तो उनकी उनके इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी (आईपी) के ज़रिए कमाई भी हो सकेगी. उन्होंने कहा कि सोचिए कैसा होगा कि अगर माधुरी एक साल में 10 फिल्मों में नजर आए और वो काम एक ही बार करे. और हर फिल्म के लिए उन्हें पैसे मिले

उन्होंने कहा अमेरिका में लेखकों की हड़ताल इसी को लेकर थी. लोग अब स्क्रिप्ट री-राइटिंग के लिए चैट जीपीटी का इस्तेमाल कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि इससे काम की क्षमता बढ़ेगी. उन्होंने कहा कि



हमारी फिल्म कंपनी है. हमने एक फिल्म नेटफ्लिक्स और दूसरी थिएटर को बेची है. अगर हम साथ में और तेज़ और अच्छे से काम कर पाएं तो हमारे राइटर्स को री-राइट करने में आसानी होगी.

डॉक्टर नेने कहा, "मुझे नहीं लगता कि हमें इससे डरने की जरूरत है. मुझे लगता है कि हमें इसे अपनाना चाहिए. सोचिए अगर हम अच्छा कंटेंट बनाने की लागत कम कर पाएं. सोचिए अगर हम एक्टर्स को कमाई के एक नहीं, बल्कि कई तरीके दे पाएं. ये कुछ ऐसा होगा जो शानदार होगा.

# छावा ने बॉक्स ऑफिस पर तोड़ा रिकॉर्ड



### विकी की सबसे कमाऊ फिल्म बनी 'छावा'

छावा छत्रपति शिवाजी महराज के बेटे छत्रपति संभाजी महाराज पर आधारित है . उनका किरदार विकी ने ही निभाया है . फिल्म में विनीत कुमार सिंह, अक्षय खन्ना, दिव्या दत्ता और आशुतोष राणा भी अहम रोल में हैं . लक्ष्मण उटेकर के डायरेक्शन में बनी ये फिल्म विक्की के 10 साल के करियर की सबसे कामयाब और सबसे ज्यादा कमाने वाली फिल्म भी बन चुकी है .

विकी कौशल की फिल्म 'छावा' लगातार रिकॉर्ड ध्वस्त कर रही है और आगे भी कई रिकॉर्ड टूटते हुए नजर आएंगे.अपने 24वें दिन छावा ने एक और बड़ा रिकॉर्ड बना दिया है.विक्की की फिल्म ने सनी देओल की ब्लॉकबस्टर फिल्म गदर 2 को धूल चटा दी है,जबकि सलमान खान की फिल्म सुल्तान को छावा पहले ही पटखनी दे चुकी है. छावा अब दुनियाभर में कमाई के मामले में 700 करोड़ रुपये के आंकड़े के बिल्कुल करीब है.बॉक्स ऑफिस पर छावा पहले ही सलमान खान की फिल्म 'सुल्तान' का रिकॉर्ड ध्वस्त कर चुकी है.सुल्तान का लाइफटाइम कलेक्शन 614 करोड़ रुपये था.वहीं अब विकी की फिल्म ने गदर 2 का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है. सनी देओल की साल 2023 में रिलीज हुई गदर 2 ने टोटल 691 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था.जबकि छावा ने 24 दिन में ही वर्ल्डवाइड 698 करोड़ रुपये कमाकर धमाका कर दिया है.सोमवार को छावा 700 करोड़ के आंकड़े को पार कर जाएगी.

रविवार, 9 मार्च को छावा का बॉक्स ऑफिस पर 24वां दिन था.बीते कल भारत-न्यूजीलैंड के बीच चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का फाइनल खेला गया था इसका असर छावा की कमाई पर भी देखने को मिला, लेकिन फिल्म ने आंकड़े को 10 करोड़ रुपये से नीचे नहीं आने दिया.छावा ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर रविवार को 11.5 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है.

हिंदी वर्जन के बाद छावा को 7 मार्च को ही तेलुगु वर्जन में भी रिलीज किया गया. 24वें दिन हिंदी से फिल्म की कमाई 9 करोड़ रुपये और तेलुगु से 2.5 करोड़ रुपये हुई है. 31 करोड़ रुपये के साथ ओपनिंग लेने वाली छावा ने भारत में अब तक 520.55 करोड़ रुपये की तगड़ी कमाई करके कई बड़ी फिल्मों को पछाड़ दिया है.



# 'सिकंदर' के होली सॉन्ग का टीजर जारी

कुछ समय पहले सलमान खान ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'सिकंदर' से 'जोहरा जबीं' नाम का एक गाना जारी किया था, जिसे लोगों ने काफी पसंद किया था. अब वो एक और गाना लेकर आ रहे हैं, जो कि होली पर बेस्ड होने वाला है. गाने का टाइटल है 'बम बम भोले.' सलमान ने इस गाने का टीजर वीडियो जारी कर दिया है.टीजर वीडियो जारी करते हुए सलमान खान ने इस गाने की रिलीज डेट भी अनाउंस कर दी है. ये गाना होली से 3 दिन पहले 11 मार्च को रिलीज होने वाला है. मेकर्स दोपहर में 1:11 बजे गाना रिलीज करेंगे. भाईजान ने अपने चाहने वालों की होली शानदार बनाने की तैयारी कर ली है. उसके बाद वो ईद पर 'सिकंदर' बनकर पर्दे पर दस्तक देंगे. अभी फिल्म की फाइनल रिलीज डेट अनाउंस नहीं हुई है, लेकिन इस फिल्म के ईद से एक दो दिन पहले रिलीज होने की उम्मीद है.टीजर वीडियो जारी होते ही सोशल मीडिया पर छा गया है और सलमान के तमाम चाहने वाले इस होली सॉन्ग के लिए एक्साइटेड हो गए हैं. इससे पहले सलमान 'जोहरा जबीं' के नाम से जो गाना लेकर आए थे उसे भी लोगों की तरफ से काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला था. उस गाने में सलमान के साथ रश्मिका मंदाना नजर आईं थीं. हालांकि, होली सॉन्ग का जो टीजर आया है उसमें सलमान अकेले दिख रहे हैं.बम बम भोले सॉन्ग के साथ-साथ फैंस को अभी 'सिकंदर' के ट्रेलर का भी इंतजार है. कुछ समय पहले इसका टीजर रिलीज किया गया था, जिसे लोगों ने काफी पसंद किया. हालांकि, इसका ट्रेलर कब तक आएगा इसको लेकर अभी कोई भी जानकारी नहीं है.

# करण ने घटाया 17 किलो वजन



बॉलीवुड के पॉपुलर फिल्ममेकर करण जौहर लंबे समय से अपने गजब के ट्रांसफॉर्मेशन को लेकर चर्चा में बने हुए हैं. करण जौहर ने अचानक से अपना कई किलो वजन घटा लिया है और वो अब पहले से भी ज्यादा फिट नजर आ रहे हैं. उन्हें देखने पर अब ये कहना गलत नहीं होगा कि 52 साल की उम्र में भी करण जौहर 32 साल के शख्स की तरह लग रहे हैं. उनका ट्रांसफॉर्मेशन देखकर हर कोई हैरान है. करण जौहर 50 की उम्र को पार कर चुके हैं, हालांकि इस उम्र में भी वो जवां बने हुए है. उन्होंने खुद अपनी जवानी का राज खोला है. करण ने 52 साल की उम्र में अपना 17 किलो तक वजन सिर्फ चार महीने में घटा लिया है. फिल्ममेकर ने खुलासा किया कि उन्होंने हेल्दी डाइट, योगा और वर्कआउट के जरिए फिटनेस हासिल की है.

करण जौहर ने अपने वजन घटाने की जर्नी को लेकर आईआईएफए2025 के दौरान खुलासा किया.

बॉलीवुड के कई बड़े सितारे आईआईएफए 2025 के लिए जयपुर पहुंचें. करण ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई. इस दौरान उन्होंने ग्रीन कारपेट पर मीडिया से बात करते हुए अपने ट्रांसफर्मेशन को लेकर कहा, 'सही खानपान, योगा, स्वस्थ रहना और बेहतर दिखने के लिए सबसे अच्छा प्रयास करना ये ही सब है. मैंने इसी के जरिए खुद का ट्रांसफॉर्मेशन किया है'. वहीं जब उनसे एक रिपोर्टर ने उनके डेली रूटीन के बारे में पूछा तो करण ने कहा, 'यदि में रूटीन बता दूंगा तो अपना सीक्रेट बता दूंगा'. करण जौहर पर ओजेम्पिक (वजन घटाने की दवाई) का इस्तेमाल करने के आरोप लगे थे. 2024 में नेटफ्लिक्स के शो 'फैबुलेस लाइव्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स' में एक्टर संजय कपूर की पत्नी महीप कपूर ने ओजेम्पिक जैसी दवा का जिक्र किया था. इसके बाद लोगों ने करण जौहर पर आरोप लगाए थे. लोगों का मानना था कि करण ने भी वजन घटाने के लिए इस दवा का इस्तेमाल किया है. लेकिन अब करण ने खुद इन अफवाहों को खारिज कर दिया है और बताया कि उन्होंने अपना वजन हेल्दी डाइट और अच्छे रूटीन के जरिए कम किया है.

# 10 दिन तक होली खेलते रहे कलाकार



होली के त्योहार को लेकर देशभर में तैयारियां जोरो-शोरों से चल रही है। सिनेमा जगत में भी रंगों के इस खास पर्व को बड़े ही धूमधाम के साथ सेलिब्रेट किया जाता है। जिसके चलते समय-समय पर हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में होली को लेकर स्पेशल सॉन्ग बनाए जा चुके हैं। आज इस लेख में हम आपको एक ऐसी होली गीत के बारे में जानकारी देने जा रहे हैं, जिसकी शूटिंग 10 दिनों तक चली थी और इतने समय तक फिल्म की स्टार कास्ट को रंगे से सनों कपड़ो को पहनकर रखना पड़ा था।रंग और खुशियों का बहार को होली का त्योहार ही लेकर आता है। फिल्मी दुनिया के शुरुआती इतिहास से लेकर अब तक होली पर शानदार गाने बनाए जाते हैं। लेकिन एक गाना ऐसा था जिसकी शूटिंग को लेकर फिल्ममेकर को काफी मशक्कत करनी पड़ी थी। दरअसल ये मामला हिंदी सिनेमा की कल्ट क्लासिकल फिल्म शोले के गीत होली के दिन दिल खिल जाते हैं से जुड़ा है। शोले बॉलीवुड की सबसे शानदार मूवीज में से एक है। इसके निर्देशक रमेश सिप्पी ने फिल्म को बल्कि बड़ी बारीकी से तैयार किया और इसके हर एक सीन को लेकर विशेष तैयारी है। इसी आधार पर शोले का होली गीत भी बड़ी तैयारियों के साथ बना। शोले का ये होली गीत धर्मेंद्र, हेमा मालिनी और अमिताभ बच्चन जैसे तमाम दिग्गजों पर फिल्माया गया था। जबकि लता मंगेशकर और किशोर कुमार की जोड़ी ने इस गाने में अपनी जादुई आवाज का जलवा बिखेरा था। इसके अलावा संगीतकार आर डी बर्मन और गीतकार आनंद बख्शी ने इसमें चार चांद लगाए। यही कारण है जो शोले का होली के दिन दिल खिल जाते हैं, अब तक सबसे बेहतरीन होली सॉन्ग में गिना जाता है।

## प्रतीक और प्रिया ने गोवा में बिताए खास पल



एक्टर प्रतीक बब्बर हाल ही में दूसरी बार एक्ट्रेस प्रिया बनर्जी के साथ शादी के बंधन में बंधे हैं. इन दिनों दोनों गोवा में अपना हनीमून एंजॉय कर रहे हैं. जिसकी झलक एक्टर ने फैंस को भी दिखाई. इन तस्वीरों में दोनों बेडरूम में पोज देते नजर आ रहे हैं.प्रतीक बब्बर ने साल की शुरुआत में यानि 14 फरवरी को अपनी लॉन्गटाइम गर्लफ्रेंड और एक्ट्रेस प्रिया बनर्जी के साथ शादी की थी. दोनों की शादी बेहद सादगी से उनके घर में ही हुई थी.वहीं अब शादी के बाद दोनों गोवा में हनीमून एंजॉय कर रहे हैं. इस हनीमून से कुछ प्राइवेट तस्वीरें कपल ने इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं.प्रतीक इन तस्वीरों में अपनी वाइफ के साथ क्वालिटी टाइम बिताते हुए नजर आ रहे हैं. दोनों बेड पर बैठकर पोज दे रहे हैं. प्रतीक और प्रिया के बेड पर गुलाब की पंखुड़ियां बिखरी हुई भी नजर आ रही हैं. वहीं एक फोटो में दोनों लंच का मजा लेते दिखे.वहीं कुछ तस्वीरों में इस न्यूली वेड कपल के साथ उनके कुछ खास दोस्त भी नजर आ रहे हैं. जिनके साथ उन्होंने गोवा में जमकर मस्ती की. बता दें कि प्रतीक बब्बर की प्रिया से ये दूसरी शादी है. इससे पहले उन्होंने साल 2019 में सान्या सागर से शादी की थी.

# एकता कपूर का नया शो मचा रहा है धमाल



एकता कपूर एक नया शो लेकर आ रही हैं. इस शो में हर्षद चोपड़ा और शिवांगी जोशी लीड रोल निभाने वाले हैं. इस शो को लेकर काफी बज क्रिएट हो चुका है. शो के प्रोमो की शूटिंग भी शुरू हो चुकी है. शो के नाम को लेकर भी नई रिपोर्ट्स आ रही हैं. पहले खबरें थीं कि शो का नाम बहारें रखा गया है. अब खबरें हैं कि शो का नाम बड़े अच्छे लगते हैं फिर से रखा जाएगा. हालांकि, अभी तक कुछ भी कंफर्म नहीं है.इसी बीत में अब हर्षद चोपड़ा का शो से एक नया लुक सामने आ गया है. इस लुक में हर्षद थ्री पीस सूट पहने दिख रहे हैं. उन्होंने व्हाइट शर्ट इस सूट के साथ पेयर की है. हर्षद इस लुक में बहुत हैंडसम लग रहे हैं. उनके बाल भी बढ़े हुए लग रहे हैं. इससे पहले हर्षद चोपड़ा और शिवांगी जोशी का प्रोमो शूट करते हुए एक बिहाइंड द सीन वीडियो भी वायरल हुआ था. वो सुबह के 3.30 बजे प्रोमो शूट कर रहे थे. दोनों कार में बैठे नजर आए. शिवांगी जोशी को बड़ा सा चश्मा लगाए देखा गया.

बता दें कि हर्षद चोपड़ा और शिवांगी जोशी को शो ये रिश्ता क्या कहलाता है में देखा गया था. इस शो में दोनों लीड रोल में नजर आए थे. हालांकि, दोनों अलग-अलग जेनरेशन का हिस्सा थे. उन्होंने साथ काम नहीं किया. जब हर्षद की एंट्री हुई तब तक शिवांगी ने शो छोड़ दिया. शिवांगी दूसरी जेनरेशन में नायरा के रोल में थीं. वहीं हर्षद तीसरी जेनरेशन में नायरा की बेटी अक्षरा के पति के रोल में नजर आए थे.

# आईफा में सेलेब्स ने मनाया टीम इंडिया की जीत का जश्न

रविवार का दिन मनोरंजन और खेल जगत दोनों के लिए बेहद खास रहा. एक तरफ जयपुर में आईफा का आयोजन हुआ तो दूसरी ओर भारत ने न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराकर चैंपियंस ट्रॉफी को अपने नाम कर लिया. आईफा में कार्तिक आर्यन के साथ ही अन्य सेलेब्स ने टीम इंडिया की जीत का जश्न मनाया.बॉलीवुड स्टार कार्तिक आर्यन ने सबसे पहले टीम इंडिया की जीत की भविष्यवाणी की थी. उन्होंने आईफा के ग्रीन कार्पेट पर कहा,इंडिया जीतने वाली है.

अभिनेता कुणाल खेमू ने टीम इंडिया की जीत का खास अंदाज में जश्न मनाया. जब उनसे पूछा गया तो उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा,हम जश्न मनाने के लिए और क्या कर सकते हैं? ये उन लोगों का समय है, जिन्होंने शानदार खेल खेला है. प्लेबैक सिंगर जुबिन नौटियाल ने कहा,भारतीय जन्मजात चैंपियन होते हैं.₹ उन्होंने फिल्म 'आर्टिकल 376' के अपने गीत 'दुआ' से ₹रह जाएगी यहां, तेरी मेरी दास्तान. ये हमारा हिंदुस्तान रहेगा सदा.₹ लाइन को भी



गाया.अभिनेता राजपाल यादव ने भी टीम इंडिया को उनकी जीत पर बधाई दी. अभिनेता जायद खान ने कहा,टीम इंडिया को हराने की ताकत किसी में नहीं है. टीम अजेय है.अभिनेता नील नितिन मुकेश ने कहा, ₹टीम इंडिया को जीतते हुए देखकर बहुत खुशी हुई और हम यहां आईफा में जीत का जश्न मना रहे हैं.अभिनेता अली फजल ने कहा, ₹भौकाल ही मचा दिया, शानदार प्रदर्शन. रोहित ने बेहतरीन खेल दिखाया. अभिनेत्री ऋचा चड्ढा ने कहा, ₹हमने 10 साल बाद चैंपियंस ट्रॉफी जीती है.भारत के चैंपियंस ट्रॉफी में विजेता बनने पर अन्य कई सितारों ने सोशल मीडिया पर भारतीय टीम को पोस्ट शेयर कर बधाई दी और अपनी खुशी जाहिर की. भारत की जीत पर अभिनेता वरुण धवन, नेहा धूपिया, सुनील शेट्टी, विवेक ओबेरॉय, अजय देवगन, आफताब शिवदसानी, अनुपम खेर, अमिताभ बच्चन, राम चरण, ममूटी समेत पूरी फिल्म इंडस्ट्री जश्न में डूबी नजर आई.

# हॉकी इंडिया वार्षिक पुरस्कार का आयोजन

## सविता पुनिया, हरमनप्रीत सिंह दावेदारों में शामिल

**नई दिल्ली.** हॉकी इंडिया ने हॉकी इंडिया वार्षिक पुरस्कार 2024 के सातवें संस्करण के लिए नामांकित खिलाड़ियों की घोषणा कर दी है। यह पुरस्कार समारोह 15 मार्च को नई दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित ली मेरिडियन होटल में आयोजित किया जाएगा, जहां भारतीय हॉकी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का जश्न मनाया जाएगा।इसके अलावा, उभरती प्रतिभाओं को हॉकी इंडिया जुगराज सिंह पुरस्कार (पुरुष - अंडर 21) और असुंता लाकड़ा पुरस्कार (महिला - अंडर 21) से सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा गोलकीपर ऑफ द ईयर के लिए बलजीत सिंह पुरस्कार, डिफेंडर ऑफ द ईयर के लिए रगट सिंह पुरस्कार, मिडफील्डर ऑफ द ईयर के लिए अजीत पाल सिंह पुरस्कार और फॉरवर्ड ऑफ द ईयर के लिए धनराज पिल्लै पुरस्कार भी दिए जाएंगे।इस वर्ष का पुरस्कार समारोह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह भारत की




1975 पुरुष हॉकी विश्व कप जीत की 50वीं वर्षगांठ पर आयोजित हो रहा है। इसके अलावा, 2025 में भारतीय हॉकी के 100 साल पूरे हो रहे हैं, जो भारतीय हॉकी के लिए ऐतिहासिक वर्ष होगा।इस समारोह में पेरिस 2024 ओलंपिक कांस्य पदक विजेता टीम, एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली पुरुष और महिला टीमों, और जूनियर एशिया कप जीतने वाली टीमों को भी सम्मानित किया जाएगा।

**सविता पुनिया और हरमनप्रीत को मिला प्रतिष्ठित सम्मान**

इस साल आठ कैटेगरी में कुल 32 नामांकितों को पुरस्कारों के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है, जिनमें सविता पुनिया और हरमनप्रीत सिंह जैसे दिग्गज खिलाड़ियों का नाम शामिल है। प्रतिष्ठित हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार, जो वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला हॉकी खिलाड़ियों को दिया जाता है, इस बार भी सबसे महत्वपूर्ण पुरस्कार रहेगा।

## गिरोह ने 11वीं के छात्र पर हमला कर किया घायल

**नई दिल्ली.** तमिलनाडु के थूथुकुडी जिले में श्रीवैकुंठम के पास कट्टियाम्मलपुरम में सोमवार सुबह को कबड्डी को लेकर हुए विवाद के कारण तीन सदस्यीय गिरोह ने स्कूल जाने वाली बस में सवार 11वीं कक्षा के एक छात्र पर दिनदहाड़े हमला कर उसे गंभीर रुप से घायल कर दिया।पुलिस सूत्रों ने बताया कि अरियानायागीपुरम गांव का रहने वाला टी देवेंद्रन (17) अपने गांव से पढ़ाई के लिये तिरुनेलवेली स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जा रहा था। तभी हथियारबंद गिरोह ने सुबह कट्टियाम्मलपुरम इलाके में बस को रोक लिया। गिरोह ने देवेंद्रन को बस से बाहर निकाला और सबके सामने दरांतियों से उस पर कई वार किए।पीड़ित के चिल्लाने पर भी डर के कारण बस यात्रियों और राहगीरों ने

0 बीच-बचाव नहीं किया। छात्र पर हमला करने के बाद गिरोह मोटरसाइकिल पर मौके से भाग गया।

छात्र के सिर, हाथ, पैर और पेट पर कई जगह कटने के निशान थे। उसे श्रीवैकुंठम के सरकारी अस्पताल ले जाया गया और फिर तिरुनेलवेली सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बताई गयी है।

# कल्याणी का फिर से पंजा, टीम को मिली जीत

## महिला अंडर-23 टूर्नामेंट में बनीं मैन ऑफ द मैच

**नागपुर.** नागपुर में पली-बढ़ी कल्याणी जाधव ने मध्य प्रदेश की ओर से खेलते हुए शानदार प्रदर्शन कर अपनी टीम मध्य प्रदेश को जिताने में अहम भूमिका निभाई. मैन ऑफ द मैच बनीं कल्याणी ने 9 ओवर में मात्र 8 रन देकर 5 विकेट लेकर विपक्षी टीम की कमर तोड़ दी. रविवार को नागपुर के लेडी अमृतबाई डागा कॉलेज ग्राउंड पर आयोजित बीसीसीआई के महिला अंडर-23 वनडे ट्रॉफी टूर्नामेंट में मध्य प्रदेश और चंडीगढ़ के बीच मुकाबला हुआ. पहले बल्लेबाजी करने उतरी चंडीगढ़ टीम को लेफ्ट आर्म्स स्पिनर कल्याणी की बॉलिंग के सामने घुटने टेकने पड़े. जाधव की जबरदस्त गेंदबाजी के चलते चंडीगढ़ की टीम 42.1 ओवर में 100 के छोटे स्कोर पर ऑलआउट हो गई.

मुकाबले में उनका साथ दे आनंदी ने दिया जिन्होंने 2 विकेट लिए. लक्ष्य का पीछा करने उतरी मध्य प्रदेश की टीम ने 23.1 ओवर में 2 विकेट खोकर 101 रन बना लिए. 8 विकेट से जीती मध्य प्रदेश टीम की ओर से कल्याणी को मैन ऑफ द मैच चुना गया. मप्र की ओर से अनुष्का शर्मा ने 59 बॉल पर आठ चौके की मदद से 52 रन बनाए कप्तान सौम्या तिवारी ने 31 रन बनाए.

मैच के बाद कल्याणी ने बताया कि उनका ननिहाल गणेशपेठ पुलिस स्टेशन के पास ही है. जन्म भी यही हुआ. मूलतः बैतूल की निवासी कल्याणी ऑफ सीजन में कई बार रेशिमबाग के पास स्थित एकेडमी में प्रैक्टिस करने आती हैं. शुरुआत में वे बास्केटबॉल खेलती थीं लेकिन रुचि क्रिकेट में होने के चलते 15 वर्ष की उम्र से बॉलर बन गईं. वे पिछले 4 सालों से मध्य प्रदेश की टीम के लिए खेलती हैं.



## मुश्किल में फंसा युवा श्रीलंकाई क्रिकेटर




**नई दिल्ली.** श्रीलंका के युवा क्रिकेटर अशेन बंडारा मारपीट को लेकर मुश्किल में फंस गए हैं। दरअसल, शनिवार को हुए पार्किंग विवाद में उन पर पड़ोसी पर हमले का आरोप है, जिसके लिए उन्हें श्रीलंकाई पुलिस ने गिरफ्तार किया, हालाकि बाद में उन्हें बेल मिल गई। अब उन्हें 12 मार्च को कोर्ट में पेश होना होगा। श्रीलंकाई पुलिस की ओर से दिए गए बयान के मुताबिक, अशेन बंडारा पिलियांदला के कोलामुन्ना में रहते हैं। यहां उन्होंने पार्क वाहन को लेकर पड़ोसी से लड़ाई कर ली। उन पर आरोप है कि पहले से खड़े वाहन की वजह से सड़क पर आवागमन प्रभावित हो रहा था। ऐसे में बंडारा पड़ोसियों के घर में घुसकर मारपीट की।

बंडारा के पड़ोसी की ओर से पुलिस को दी गई शिकायत में कहा गया है कि अशेन बंडारा उनके घर में जबरन घुस गए। उन्होंने बहस की और मामला इतना बढ़ गया कि नौबत मारपीट तक पहुंच गई। शिकायत पर पुलिस ने अशेन बंडारा को गिरफ्तार किया, हालाकि मामले में कुछ देर बाद उन्हें बेल मिल गई। श्रीलंका क्रिकेट के सीईओ एशले डी सिल्वा ने कहा कि यदि अशेन बंडारा पर लगे आरोप सही पाए गए तो उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा, "हमें सबसे पहले अनुबंध को देखना होगा और घटना को भी देखना होगा। अगर ऐसा लगता है कि उसने श्रीलंका क्रिकेट को बदनाम किया है, तो हम आगे की कार्रवाई कर सकते हैं। इसलिए हम इस मामले पर आंतरिक रूप से चर्चा करेंगे और अगर इसमें जांच की जरूरत पड़ती है तो हम जांच करेंगे।"

26 वर्षीय अशेन बंडारा ने 2021 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने के बाद श्रीलंका के लिए छह वनडे और इतने ही टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं।

# पाकिस्तानी खिलाड़ियों के बारे में ड्रिंक्स ब्रेक के दौरान बड़ा बयान

**नई दिल्ली.**

भारत ने फाइनल में न्यूजीलैंड को 4 विकेट से करारी शिकस्त देकर आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब अपने नाम कर चुका है, लेकिन इस टूर्नामेंट के दौरान भारतीय स्पीड स्टार मोहम्मद शमी को लेकर सोशल मीडिया पर खूब बहस हुई। दरअसल, चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनल मुकाबले के दौरान 34 वर्षीय मोहम्मद शमी को लोगों ने माहे रमजान में पानी या जूस पीते देख लिया था। चूंकि इस्लाम में रमजान को पवित्र महीने के तौर पर देखा जाता है। ऐसे में कई लोगों ने यह कहकर मोहम्मद शमी की आलोचना करनी शुरू कर दी कि माहे रमजान में रोजा नहीं रखना अपराध है। यहां यह बता दें कि माहे रमजान में रोजा रखने का मतलब है सूर्योदय से सूर्यास्त तक




बिना खाए-पिए रहना।

माहे रमजान में मोहम्मद शमी के पानी या जूस पीने की चर्चा सिर्फ भारत में नहीं बल्कि पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान में गूंजी। इसी कड़ी में पाकिस्तान की एक टीवी चैनल की एंकर ने जब पूर्व पाक क्रिकेटर इंजमाम-उल-हक से इस संबंध में सवाल किए तो उन्होंने अपने टीम के बार में जो खुलासा वह बेहद हैरान करने वाला था। इंजमाम उल-हक ने कहा, खेल के वक्त रोजा छोड़ना कोई वैसी बात नहीं है। मुझे लगता है कि ज्यादा आपत्ति इस बात से हुई कि उसे सार्वजिनक रूप से पानी पी लिया।

उन्होंने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा, रोजे के दौरान जब मैच होता था तब वाटर ब्रेक के दौरान पाकिस्तान की टीम स्क्रीन के पीछे चली जाती थी। स्क्रीन के पीछे पानी पीना या जो भी करना है, करते थे। इस दौरान उन्होंने शमी को सलाह दी कि स्क्रीन पर पानी नहीं पिएं, पीछे पानी पिए।

## मुंबई सिटी की शीर्ष छह में जगह बनाने के लिए ड्रा जरूरी

**नई दिल्ली.** बेंगलुरु एफसी मंगलवार को यहां श्री कांतीरवा स्टेडियम में इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 में मुंबई सिटी एफसी की मेजबानी करेगा। 33 अंकों के साथ सातवें स्थान पर काबिज आइलैंडर्स को छठे स्थान पर काबिज ओडिशा एफसी (33) से आगे निकलने और प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने के लिए सिर्फ एक ड्रॉ की जरूरत है। हालांकि, आइलैंडर्स अपने पिछले चार मैचों में जीत दर्ज नहीं कर पाए हैं, दो-दो बार ड्रॉ और हार का सामना करना पड़ा है। ब्लूज ने शीर्ष छह में जगह बना ली है और वर्तमान में 23 मुकाबलों में 38 अंकों के साथ चौथे स्थान पर है।

ब्लूज को आइलैंडर्स के खिलाफ अपने पिछले चार मुकाबलों में से तीन में हार का सामना करना पड़ा है, तीन बार लगातार गोल करने में विफल रहे, जो यकीनन अवांछित रिकॉर्ड हैं जिन्हें वे प्लेऑफ शुरू होने से पहले साफ करना चाहेंगे।बेंगलुरू एफसी ने 26.43 के अपेक्षित गोल मूल्य से 40 गोल किए हैं, जिसका अर्थ है कि उनका +13.57 अपेक्षित गोल अंतर लीग में तीसरा सबसे अधिक है। सुनील छेत्री (12) और एडगर मेंडेज (7) ने उनके लिए शीर्ष स्कोर किया है।बेंगलुरू एफसी के स्थानापन्नों ने इस सीजन में आठ गोल किए हैं, जो एक एकल आईएसएल अभियान में उनका सबसे अधिक है। यह उन्हें खेल को गहराई तक ले जाने की अनुमति देता है, संभावित रूप से आगामी स्थिरता में अंतिम सीटी बजने तक आइलैंडर्स को सावधान रखता है।आईएसएल में दोनों टीमों के बीच 17 मुकाबले हुए हैं। बेंगलुरू एफसी ने छह और मुम्बई सिटी एफसी ने नौ बार जीत हासिल की है। दो मैच ड्रा रहे हैं।ब्लूज के स्पेनिश हेड कोच जेरार्ड जारागोजा ने कहा कि आइलैंडर्स आगामी मैच में कड़ी चुनौती पेश करेंगे। उन्होंने कहा, "मुम्बई सिटी एफसी इस मैच को फाइनल की तरह खेलेगी। इस तरह की टीमों के खिलाफ खेलना मुश्किल है, लेकिन हम यह मुकाबला जीतना चाहते हैं।"

# पूर्व खिलाड़ी ने जमकर की रोहित शर्मा की तारीफ

**नई दिल्ली.** भारत द्वारा अपना तीसरा चैंपियंस ट्रॉफी खिताब जीतने के बाद, पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने कहा कि कप्तान रोहित शर्मा उन कुछ सर्वश्रेष्ठ कप्तानों में से एक हैं, जिन्होंने टीम को खिताब दिलाया है। रविवार को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में, रोहित ने 83 गेंदों पर 76 रनों की विस्फोटक पारी खेली और मैदान पर टीम का अच्छा नेतृत्व किया, जिससे भारत ने न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराकर 2025 चैंपियंस ट्रॉफी जीती।

जब आप कप्तानों की बात करते हैं, तो वह भारत के लिए अब तक




के सर्वश्रेष्ठ कप्तानों में से एक हैं। हम कपिल देव, एमएस धोनी – विश्व कप विजेताओं के बारे में बात करते हैं। रोहित शर्मा विश्व कप विजेता हैं, और जिस तरह से उन्होंने टीम का नेतृत्व किया है, वह एक है।"

कार्तिक ने सोमवार को इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए गए आईसीसी वीडियो में कहा, "हां, उन्होंने टूर्नामेंट जीता है। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्होंने भारतीय टीम के लिए और आने वाली पीढ़ियों के लिए मानसिकता में जो बदलाव लाया है, वह यह है कि हमें अनुकूलन और विकास करने की आवश्यकता है और आक्रामक तरीके से खेलना हमारा मंत्र है – यह देखना सुंदर रहा है।"अविश्वसनीय। नौ महीने के अंतराल में दो बड़े आईसीसी खिताब जीतना, इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता। रोहित शर्मा जो विरासत छोड़ रहे हैं, वह शानदार है। जिस तरह से उन्होंने न केवल टूर्नामेंट जीता है, बल्कि परिस्थितियों के अनुकूल टीम भी चुनी।"कार्तिक ने निष्कर्ष निकाला, "जिस तरह से उन्होंने बल्ले से खेला, उसने वह इरादा और वह निशान स्थापित कर दिया कि मैं अपनी टीम को इसी तरह से खेलते देखना चाहता हूं। यह देखना बहुत अच्छा रहा। मुश्किल क्षणों में, वे शांत रहे और उनके पास बहुत ही शानदार योजना और इसे कैसे किया जाना चाहिए, इसके साथ कुछ गंभीर प्रतिभाएं हैं।"

# भारतीय टीम की अजेय जीत पर बीसीसीआई ने दी सराहना



**नई दिल्ली.** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में शानदार जीत दर्ज करने पर सोमवार को भारतीय टीम को बधाई दी। बीसीसीआई ने भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा की सराहना करते हुए कहा कि उनके अनुकरणीय नेतृत्व और सामरिक कौशल ने टीम को इस ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कप्तान रोहित के प्रेरणा देने और मिसाल कायम करने वाले नेतृत्व क्षमता ने भारत के विजयी अभियान में निर्णायक भूमिका निभाई है।

उन्होंने टीम के प्रमुख कोच गौतम गंभीर की भूमिका की भी सराहना की करते हुए कहा कि उनका निडर दृष्टिकोण और सामरिक अंतर्दृष्टि ने इस विजेता टीम को लक्ष्य हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसके अलावा उन्होंने खिलाड़ियों, कोचिंग स्टाफ, सहयोगी कर्मियों और चयन समिति को इस अभूतपूर्व उपलब्धि के लिए बधाई दी।

बीसीसीआई के अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने कहा, "पिछले साल टी-20 विश्वकप की सफलता के बाद यह जीत भारतीय क्रिकेट के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। एक और वैश्विक टूर्नामेंट में दबदबा बनाना और चैंपियंस ट्रॉफी जीतना एक अभूतपूर्व उपलब्धि है।

टीम ने बेजोड़ निरंतरता और अपने चरित्र के साथ खेला है मैं कप्तान रोहित शर्मा, मुख्य कोच गौतम गंभीर और पूरी टीम को उनकी ऐतिहासिक सफलता के लिए बधाई देता हूं।" रोहत की टी-20 और आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी दोनों खिताब जीतने से उन्हें भारत के सबसे बेहतरीन और सबसे सफल कप्तानों में से एक के शुमार किया है और उनके नेतृत्व में टीम को मजबूती मिली है।

बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा, "आईसीसी खिताब जीतना हमेशा एक विशेष उपलब्धि होती है और इस टीम ने इसे प्रभावशाली अंदाज में हासिल किया है। अनुभव और युवा ऊर्जा का सहज मिश्रण उल्लेखनीय रहा है और यह जीत भारतीय क्रिकेट की भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायक रहेगी।"

# भवानी देवी ने ओलंपिक पदक विजेता ओजाकी को हराया

**नई दिल्ली.** भारतीय फेंसर भवानी देवी ने 2025 कूप एक्रोपोलिस में शानदार प्रदर्शन करते हुए जापान की ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता सेरी ओजाकी को रोमांचक मुकाबले में हराया। हालांकि, अगले दौर में उनका अभियान छोटा हो गया क्योंकि उन्हें टेबल ऑफ 64 के मैच में चीन की झांग झिन्यी के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।

टोक्यो 2020 खेलों में भारत की पहली ओलंपिक फेंसर के रूप में इतिहास रचने वाली भवानी का पिछले एक साल में सफर चुनौतीपूर्ण रहा है, वे 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफिकेशन से चूक गईं। लेकिन एथेंस में, उन्होंने ओजाकी जैसे कठिन प्रतिद्वंद्वी को हराकर अपनी क्षमता दिखाई, प्रारंभिक टेबल ऑफ 64 मैच में 15-14 से रोमांचक जीत



हासिल की। 22 वर्षीय जापानी फेंसर ओजाकी का रिकॉर्ड शानदार है, उन्होंने 2024 पेरिस ओलंपिक के साथ-साथ 2022 विश्व चैंपियनशिप में टीम कांस्य पदक हासिल किया है। ओजाकी पर जीत भवानी के लिए एक शानदार प्रदर्शन था, जिसने उनकी दृढ़ता और दुनिया की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता को उजागर किया। हालांकि, प्रतियोगिता में उनका प्रदर्शन जल्द ही समाप्त हो गया, क्योंकि अगले दौर में चीन की झांग झिन्यी के खिलाफ उन्हें अपनी लय हासिल करने में संघर्ष करना पड़ा। भारतीय फेंसर ने मैच की शुरुआत में खुद को बैकफुट पर पाया और फिर वापसी नहीं कर पाई, अंततः 9-15 से हारकर बाहर हो गई।

**31 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने किया शानदार प्रदर्शन**

इससे पहले टूर्नामेंट में, 31 वर्षीय भारतीय ने पूल चरण में शानदार प्रदर्शन किया था, अपने छह मुकाबलों में से चार जीतकर अपने ग्रुप में तीसरा स्थान हासिल किया था। उनकी मजबूत शुरुआत ने उनके अभियान की दिशा तय कर दी, लेकिन मुख्य ड्रॉ में चुनौती कठिन साबित हुई।

## टीम की बजाय स्टेडियम पर ज्यादा खर्च कर रहा पाकिस्तान

**नई दिल्ली.** पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर दानिश कनेरिया ने चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान टीम के खराब प्रदर्शन के बाद उसकी मुख्य खामियों को उजागर किया है। टूर्नामेंट में पाकिस्तान की टीम मेजबान थी और टूर्नामेंट से बाहर होने वाली पहली टीम बन गई थी। कनेरिया ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड पर तंज कसते हुए कहा कि पीसीबी ने इस बड़े आयोजन की मेजबानी पर

बहुत पैसा खर्च किया है, लेकिन टीम और उसकी तैयारियों पर ध्यान नहीं दिया। जबकि भारतीय टीम ने ग्रुप स्टेज में पहले पाकिस्तान को हराया फिर न्यूलीलैंड को फाइनल में हराकर खिताब अपने नाम किया।

बता दें कि जब चैंपियंस ट्रॉफी भारत ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराया तो पाकिस्तान की इस आयोजन के फाइनल की मेजबानी करने की उम्मीदें धराशायी हो गईं, जिसकी मेजबानी वह कर रहा था। कनेरिया ने आईएएनएस से बातचीत में कहा कि में उन बातों को भी खारिज कर दिया, जिनमें कहा गया था कि भारत को फाइनल सहित अपने सभी मैच दुबई में खेलने का फायदा हुआ। उन्होंने कहा कि ऐसी बातें समझ से परे हैं।

कनेरिया ने कहा कि अगले दो या तीन दिनों तक इस बारे में चर्चा होगी कि पाकिस्तान मेजबान था और भारत ने ट्रॉफी जीती। पाकिस्तान में कई लोग इस बारे में बात कर रहे थे कि कैसे भारत को फायदा हुआ। मुझे समझ में नहीं आता कि ऐसी बातें कैसे कही जा सकती हैं। दुबई भारत का घरेलू मैदान नहीं था, बल्कि ये पाकिस्तान का घरेलू मैदान हुआ करता था।

कनेरिया ने बताया कि मुझे नहीं लगता कि भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी से पहले दुबई में मैच खेले हैं। यही सवाल एक पाकिस्तानी पत्रकार ने गौतम गंभीर से पूछा था और उन्होंने बहुत सटीक और तीखा जवाब दिया। उन्होंने आगे कहा कि पाकिस्तान ने बहुत पैसा खर्च किया, स्टेडियम बनाए, लेकिन जिस एक चीज पर उन्हें ध्यान देना चाहिए था।

CMYK

# शाहजहांपुर में काली पन्नी और तिरपाल से ढंक दिये गए सभी मस्जिद-मजार

**शाहजहांपुर.**



उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में होली को लेकर मस्जिदों और मजारों को तिरपाल से ढंक दिया गया है। शाहजहांपुर में होली के दिन लाट साहब का जुलूस निकाला जाता है और इसको लेकर शहर की करीब 67 मस्जिद-मजारों को तिरपाल से ढंका जा रहा है। शहर में निकलने वाले परंपराग़त लाट साहब के 10 किलोमीटर मार्ग में पड़ने वाली सभी मस्जिदों / मजारों को काली पन्नी और तिरपाल से ढंक दिया गया है ताकि होली का रंग न पड़ सके।

शहर में सालों से परंपरा है लाट साहब का जुलूस निकलने की और इस दौरान मस्जिदों को इसी तरह ढंकने की। इसे लेकर प्रशासन का कहना है सब कुछ पुराने नियमों के मुताबिक है, कुछ भी नया नही है। लाट साहब का जुलूस शहर कोतवाली मे आकर ख़त्म होता है और यहां थाने के अंदर शाहजहांपुर की सबसे पुरानी मस्जिद है। इस बारे में शाहजहांपुर के एसपी राजेश एस ने बताया कि पीस कमिटी से मीटिंग हो चुकी है, सब कुछ पुरानी परंपरा की ही तरह हो रहा है। यहां के लोग मस्जिदों पर अपनी इच्छा से पन्नी डालते हैं और तिरपाल से ढंक देते हैं और यही हर साल की परंपरा है। इलाके में माहौल अच्छा रहे इसके लिए पर्याप्त पुलिस फोर्स मौजूद है, हुड़दंगियों पर नज़र रखने के लिए विशेष इंतज़ाम हर साल की तरह किये गए हैं।

**कौन थे लाट साहब, क्यों निकलता है जुलूस :** दरअसल, यहां लाट साहब का मतलब अंग्रेजों के शासन के क्रूर अफसर से है, जिनके विरोध में हर साल होली में शाहजहांपुर में जुलूस निकाला जाता है। इस जुलूस के लिए पहले एक युवक को लाट साहब के रूप में चुना जाता है और उसका चेहरा ढंक कर उसे जूते की माला पहनाकर बैलगाड़ी पर बैठाकर तय मार्ग पर घुमाया जाता है। इस दौरान लाट साहब पर अबीर-गुलाल के साथ जूते-चप्पल भी फेंके जाते हैं।

शाहजहांपुर में लाट साहब के दो जुलूस निकाले जाते हैं। जिसको छोटे और बड़े लाट साहब के नाम से जाना जाता है। छोटे लाट साहब का जुलूस सरायकाईयां मुहल्ले से निकाला जाता है। शहर के कई क्षेत्रों से होते हुए यह जुलूस वापस सरायकाईयां पुलिस चौकी पर समाप्त कर दिया जाता है।

# बीच सड़क पर आग का गोला बन गई बच्चों से भरी स्कूल बस

**कौशांबी.**



यूपी के कौशांबी जिले में उस समय अफरा तफरी का माहौल हो गया जब बच्चों को स्कूल से घर छोड़ने जा रही बस में अचानक आग लग गई। धुंआ उठता देखा ड्राइवर ने तुरंत बस को रोक कंडक्टर और स्थानीय लोगो के साथ मिलकर बच्चों को सकुशल बाहर निकाल लिया। स्कूली बस में आग लगी देख स्थानीय लोगो ने कड़ी मशक्कत के बाद आग में काबू पाया। बस आग की लपटों से पूरी तरह जल गई है। वहीं ड्राइवर और कंडक्टर की सूझबूझ से एक बड़ा हादसा टल गया।

**बच्चों को स्कूल से घर छोड़ने जा रही थी बस :** घटना मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के स्थानीय चौराहे की है। मंझनपुर कस्बे में संचालित एक निजी स्कूल (बीपी पब्लिक स्कूल) की बस छात्र और छात्राओं को लेकर स्कूल से घर लेकर जा रही थी। जैसे ही बस मंझनपुर चौराहे के पास पहुची तभी अचानक बस में आग लग गई। बस से धुआं उठता देखा बस में अफरा-तफरी का माहौल हो गया। ड्राइवर ने तुरंत बस को रोक दिया और कंडक्टर के साथ सूझबूझ दिखाते हुए बस में सवार सभी 40 स्कूली बच्चों को सकुशल बाहर निकाला।

**ड्राइवर और कंडक्टर की सूझबूझ से बची जान :** स्कूली बस में आग लगने की घटना को देखकर मौके पर मौजूद लोगों ने बस से आग बुझाने का प्रयास किया। चौराहे पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने सूचना का फायर बिग्रेड की टीम को दिया, लेकिन जब तक फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंचती तब तक स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पा लिया। बस में शॉर्ट सर्किट के चलते आग लगने की आशंका जाहिर की जा रही है। ड्राइवर और कंडक्टर ने सूझबूझ का परिचय दिया और बस में सवार सभी 40 स्कूली बच्चे को सकुशल बाहर निकाल लिया अन्यथा एक बड़ी घटना घट सकती थी।

# राजधानी में शख्स की गोली मारकर हत्या

**नई दिल्ली.**



राजधानी दिल्ली में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर देने का मामला सामने आया है। इस घटना के बाद मृतक के परिजनों ने अक्षरधाम-गाजियाबाद रोड पर जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान मृतक के परिजनों ने आरोपियों के गिरफ्तारी की मांग करते हुए चक्का जाम भी किया। इस वजह से दिल्ली-मेरठ हाईवे पर लंबा जाम लग गया। जाम की वजह से दफ्तर जा रहे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई है और जाम को खुलवाने का प्रयास किया जा रहा है।

**गोली मारकर की हत्या :** दरअसल, पूर्वी दिल्ली में राष्ट्रीय राजमार्ग-24 पर फूल मंडी के पास 32 वर्षीय एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि गाजीपुर गांव का निवासी रोहित गोली लगने से घायल हो गया था। उसे एलबीएस अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। अधिकारी ने बताया कि यह घटना फूल मंडी के पास एक व्यस्त इलाके में घटी। इसी मामले में ईस्ट डिस्ट्रिक्ट के एडिशनल डीसीपी-1 विनीत कुमार ने बताया, "हमें सूचना मिली कि एक व्यक्ति घायल है। जब हम अस्पताल गए तो पता चला कि उसे गोली लगी है। शुरुआती जांच में 2 लोगों को हिरासत में लिया गया है और कई टीमें इस पर काम कर रही हैं।

# नारेबाजी के साथ मस्जिद में फेंका गया सुतली बम

**महू.**



मध्य प्रदेश के महू शहर में क्रिकेट में भारत की जीत के बाद दो पक्षों में विवाद हो गया। मामला हिंसा, आगजनी और पथराव में तब्दील हो गया। कुछ लोग भारत की चैंपियंस ट्रॉफी में जीत के बाद विजयी जुलूस निकाल रहे थे। जैसे ही जुलूस महू के जामा मस्जिद रोड पर पहुंचा, आतिशबाजी को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। विवाद बढ़ता चला गया और दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए।

**भारत माता की जय के अलावा और भी लगाए जा रहे थे नारे :** इस पूरे मामले पर अब महू शहर काजी मोहम्मद जाबिर का बयान सामने आया है। शहर के काजी मोहम्मद जाबिर ने कहा कि हिन्दू पक्ष ने शुरुआत की थी। ये गलत बात है कि वह सिर्फ भारत माता के नारे लगा रहे थे, इसके अलावा और भी नारे लग रहे थे।

**मस्जिद में फेंका गया सुतली बम :** काजी ने कहा कि एक सुतली बम मस्जिद में डाला गया। उसके बाद हंगामा हुआ। 10-15 मिनट हम लोगों को समझाते भी रहे। प्रशासन ने भी बात की लेकिन इसके बाद पीछे से पथराव होने लगा। काजी मोहम्मद जुबेर ने कहा कि मस्जिद पर सुतली बम फेंका था, इसलिए कोई मुसलमान मस्जिद छोड़कर नहीं गया। वह खुद 4:00 बजे तक मस्जिद में रहे थे।

**मुसलमानों को किया जा रहा बदनाम :** मस्जिद से पत्थर फेंके गए वाले सवाल पर काजी ने कहा, 'ये सब मुसलमानों को बदनाम करने वाली बात है। यह देश सबका है। मस्जिद से तरबी पढ़कर निकले थे, जुलूस का 80% हिस्सा जा चुका था। हमने कोशिश की थी कि हम नमाज थोड़ी देर तक पढ़े। क्योंकि बाहर शोर-शराबा हो रहा था। नारे भी लग रहे थे। यह बेकार की बात है कि सिर्फ भारत माता के नारे लग रहे थे, इसके अलावा और भी नारे लग रहे थे।'

**काफी देर तक लोगों को समझाया गया :** काजी ने कहा, 'इस बीच में थोड़ा शोर हुआ तो हम बाहर निकले। हमने देखा नारे की वजह से लोगों ने एक शख्स को रोक रखा है तो हमने उसको बाहर निकाला। तभी किसी ने सुतली बम डाल दिया फिर भी हम लोगों को समझाते रहे। 10-15 मिनट तक प्रशासन से बात कर रहे थे तभी पीछे से पत्थर आने लगे।

**यह मुल्क तुम्हारा है उतना ही हमारा- काजी :** काजी ने कहा, 'हमने इसीलिए प्रेस कांफ्रेंस बुलाई कि मुसलमान को बदनाम मत करो। ये देश सबका है। इंडिया की जीत की खुशी मुसलमान को भी है। यह देश जितना हिंदुओं का है उतना ही हमारा भी है। हमको बहुत बुरा लगा जितना यह मुल्क तुम्हारा है उतना ही हमारा है। वापस शहर को पुराने माहौल पर आना चाहिए।

# चारा चोर के वारिस...आरक्षण पर तेरी बात बेईमानी!

**पटना.**

आरजेडी के कार्यकर्ताओं ने रविवार को पटना में सरकारी नौकरियों में 65 फीसदी आरक्षण लागू करने की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव भी रहे। धरना पार्टी कार्यालय के बाहर आयोजित किया गया। पार्टी की ओर से जारी पोस्टर पर लिखा गया था, "आरक्षण चोर बीजेपी, नीतीश सरकार जवाब दो।" धरना में शामिल तेजस्वी यादव हाथ में पोस्टर लिये बैठे दिखें, जिस पर लिखा था, "16 प्रतिशत आरक्षण की चोरी करना बंद करो"। अब इसे लेकर जेडीयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने हमला बोला है।

जेडीयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा, तेजस्वी जी बकैती कर रहे हैं? "चारा चोर के वारिस" आरक्षण का ठेकेदार बन घूम रहे! खुद की पार्टी में टिकट खानदानी, कुर्सी खानदानी, भ्रष्टाचार खानदानी-आरक्षण पर तेरी बात बेइमानी!

वहीं, तेजस्वी यादव ने रविवार को एक संवाददाता सम्मेलन में बिहार के मुख्यमंत्री और जेडीयू अध्यक्ष नीतीश कुमार के साथ फिर से गठबंधन की संभावनाओं को लेकर अटकलों पर कड़ा प्रतिक्रिया दीया। यह बयान तब आया जब उनसे बिहार विधानसभा चुनाव से पहले नीतीश कुमार के साथ गठबंधन करने की संभावना के बारे में सवाल किया गया। तेजस्वी यादव ने तीखे लहजे में कहा, ''हम हाथ क्यों मिलाएंगे? आप मौजूदा मुद्दे से ध्यान भटकाने की कोशिश क्यों कर रहे हैं?'' उन्होंने स्पष्ट किया कि उनके और उनकी पार्टी के लिए गठबंधन पर कोई निर्णय लेने के अधिकार सिर्फ राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और वह स्वयं ही रखते हैं। यादव ने कहा, ''कृपया फालतू बात न करें।'' उन्होंने यह भी कहा कि यह सवाल बेवजह उठाया जा रहा है और किसी तरह का कोई प्रस्ताव नहीं है।

# श्मशान में चिता छोड़कर भागे लोग

**> घंटों बाद हेलमेट पहनकर किया अंतिम संस्कार**

**सीकर.**



जिले के श्रीमाधोपुर क्षेत्र के कंचनपुर गांव से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जिसने लोगों को भागने पर मजबूर कर दिया। यहां गांव के श्मशान घाट में अंतिम संस्कार के दौरान मधुमक्खियों ने लोगों पर हमला कर दिया। मधुमक्खियों के हमले से मौके पर हड़कंप मच गया। मधुमक्खियों के हमले में 25 से अधिक लोग घायल हो गए, जिनमें से 15 को गंभीर हालत में श्रीमाधोपुर के खंडेला रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**मधुमक्खियों ने अचानक किया हमला :** जानकारी के अनुसार, गांव के माधो सिंह शेखावत (80) के निधन के बाद उनके अंतिम संस्कार की प्रक्रिया के दौरान शव को चिता पर रखा गया। इसी दौरान कुछ लोग श्मशान में रखी लकड़ियां लेने गए। तभी मुख्य गेट के पास पीपल के पेड़ पर मौजूद मधुमक्खियों ने अचानक वहां मौजूद लोगों पर हमला कर दिया। मधुमक्खियों के हमले के बाद श्मशान घाट में भगदड़ मच गई। लोग इधर-उधर भागने लगे, लेकिन चारों ओर 6 फीट ऊंची दीवार होने के कारण कई लोग बाहर नहीं निकल सके और मधुमक्खियों के हमले का शिकार हो गए।

**मधुमक्खियों के हमले से 25 लोग घायल :** ग्रामीणों ने बताया कि कई युवाओं ने श्मशान की दीवार फांदकर अपनी जान बचाई, लेकिन जो लोग दीवार नहीं फांद सके, वह मधुमक्खियों के हमले में गंभीर रूप से घायल हो गए। आस-पास के ग्रामीणों ने तुरंत एंबुलेंस और निजी वाहनों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया। मधुमक्खियों के हमले के कारण लोग शव को चिता पर छोड़कर भाग गए। करीब डेढ़ घंटे बाद कुछ ग्रामीणों ने हिम्मत जुटाई और हेलमेट पहनकर, शरीर को कपड़ों से ढककर अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी की। बरहाल अस्पताल में सभी घायलों का इलाज चल रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से श्मशान घाट में मधुमक्खियों के छत्तों को हटाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटना न हो।

# एएसआई ने ली घूस, एसीबी ने किया गिरफ्तार



**जींद.**

हरियाणा के जींद जिले में एक पुलिसकर्मी को घूसे लेने के आरोप में रंगे हाथों पकड़ा गया है। हरियाणा पुलिस के सहायक उपनिरीक्षक महेंद्र सिंह को एंटी करप्शन ब्यूरो ने गिरफ्तार किया है। एएसआई 15000 रुपये की घूस ले रहा था। आरोपी एएसआई महेंद्र सिंह जींद जिले के सदर पुलिस स्टेशन में तैनात था।

**पीड़ित शख्स ने एसीबी को दी जानकारी :** पुलिस की पूछताछ में पता चला कि आरोपी एएसआई मुकदमें में कार्यवाही करने के लिए रुपये मांग रहा था। पीड़ित शख्स ने एंटी करप्शन ब्यूरो को एएसआई द्वारा घूस लिए जाने की जानकारी दी थी.

**एसीबी ने बिछाया जाल, आरोपी गिरफ्तार :** इसके बाद एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकारियों ने जाल बिछाया और आरोपी पुलिसकर्मी को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। एबीसी ने पीड़ित शख्स को 15 हजार रुपये दिए थे जब वह इन पैसों को लेकर एएसआई महेंद्र सिंह के पास पहुंचा तो उसने ये रकम घूस के रूप में ले ली। तभी एबीसी के अधिकारियों ने उसे 15 हजार रुपये के साथ मौके से गिरफ्तार कर लिया।

# अमेरिका को पाकिस्तान में दिख रहा खतरा!

**इस्लामाबाद.**



'बोए पेड़ बबूल का तो आम कहां से होय' पाकिस्तान पर यह कहावत बिलकुल सटीक बैठती है। पाकिस्तान आज अपने किए हुए कर्मों का खामियाजा भुगत रहा है। हालात यह हैं कि वह अब दुनिया का सबसे अधिक आतंकवाद प्रभावित देश बन गया है। आतंकी वारदातें यहां लगातार बढ़ रही हैं। आंकड़ों की बात करें तो 2023 में 517 आतंकी हमले हुए थे जिनकी संख्या 2024 में बढ़कर 1,099 हो गई। अब पाकिस्तान में जिस तरह के हालात बने हैं उसे लेकर अमेरिका ने भी बड़ा कदम उठाया है।

**अमेरिका ने जारी की एडवाइजरी :** अमेरिका ने आतंकवाद और हिंसा से पाकिस्तान के बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा प्रांतों की यात्रा ना करने की चेतावनी जारी की है। अमेरिकी विदेश विभाग ने अपने नागरिकों के लेकर इससे संबंधित ट्रैवल संबंधी एडवाइजरी भी जारी की। एडवाइजरी में कहा गया है कि लोगों को आतंकवाद और हिंसा की संभावना के कारण पाकिस्तान की यात्रा पर पुनर्विचार करना चाहिए।

**पाकिस्तान में बढ़े हैं आतंकी हमले :** ट्रैवल एडवाइजरी में अमेरिकियों से बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा की यात्रा ना करने के लिए कहा गया है। इसमें कहा गया है कि हिंसक समूह पाकिस्तान में हमलों की साजिश रचते और उसे अंजाम देते रहते हैं। बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में आतंकी हमले बढ़े हैं। बड़े पैमाने पर हुए इन आतंकवादी हमलों में कई लोग हताहत भी हुए हैं। एडवाइजरी में यह भी कहा गया है कि पाकिस्तान सुरक्षा के मामले में अस्थिर बना हुआ है।

**हमला कर सकते हैं आतंकी :** एडवाइजरी में आगे कहा गया, "आतंकवाद और हिंसा की वजह से नागरिकों के साथ-साथ स्थानीय सैन्य और पुलिस ठिकानों पर हमले हुए हैं। आतंकवादी बिना किसी चेतावनी के हमला कर सकते हैं। परिवहन केंद्रों, बाजारों, शॉपिंग मॉल, सैन्य प्रतिष्ठानों, हवाई अड्डों, विश्वविद्यालयों, स्कूलों, अस्पतालों और इबादत स्थलों समेत सरकारी दफ्तरों को निशाना बनाया जा सकता है। आतंकवादियों ने अतीत में अमेरिकी राजनयिकों और राजनयिक सुविधाओं को भी निशाना बनाया है।"

**इस्लामाबाद में हाई अलर्ट :** बता दें कि, पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में हाई अलर्ट जारी किया गया है। 'रेड जोन' के सभी प्रवेश और निकास मार्गों को अनिश्चित काल के लिए बंद कर दिया गया है। खैबर पख्तूनख्वा सीमा पर एक चेक पोस्ट पर आतंकवादियों के हमले के बाद यह फैसला लिया गया है।

# जब विधानसभा लॉबी में एकनाथ शिंदे और उद्धव का हुआ आमना-सामना

**मुंबई .**



महाराष्ट्र की सियासत में उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे के बीच की दूरियां सोमवार के दिन खुलकर सामने आ गईं। दोनों नेता महाराष्ट्र विधानसभा भवन की लॉबी में एक-दूसरे के सामने आए, लेकिन एकनाथ शिंदे मुंह फेरकर उद्धव के सामने से निकल गए। पूरी घटना कैमरे में कैद हो गई। इसके बाद दोनों के बीच अनबन को लेकर काफी चर्चा हो रही है।

सोमवार को बजट सत्र के दौरान जब उद्धव ठाकरे विधानभवन की लॉबी में थे उसी दौरान सीएम फडणवीस अपने दोनों उप मुख्यमंत्रियों के साथ वहां से गुजर रहे थे। फडणवीस ने उद्धव ठाकरे को देखकर नमस्कार किया, लेकिन पीछे से आ रहे एकनाथ शिंदे ने ठाकरे को देखकर मुंह फेर लिया और आगे निकल गए। इसके बाद अजित पवार भी मुस्कुराकर उद्धव ठाकरे से मिले।

**शिंदे-उद्धव के बीच अनबन के कारण शिवसेना टूटी :** एकनाथ शिंदे और उद्धव ठाकरे एक समय पर शिवसेना के सबसे अहम नेताओं में शामिल थे। उद्धव शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे के बेटे हैं, जबकि एकनाथ शिंदे ने भी राजनीति के गुर उनसे ही सीखे हैं। लंबे समय तक दोनों नेताओं ने साथ मिलकर काम किया, लेकिन बालासाहेब के निधन के बाद दोनों के बीच अनबन हो गई। ऐसे में जब उद्धव ने बीजेपी छोड़ शिवसेना के साथ मिलकर महाराष्ट्र में सरकार बनाई तो कुछ महीने बाद ही शिंदे बागी हो गए। पार्टी के अधिकतर विधायकों के साथ मिलकर उन्होंने बीजेपी के समर्थन से सरकार बना ली। वह मुख्यमंत्री बन गए और पार्टी के अधिकतर विधायक उनके साथ होने के चलते शिवसेना पार्टी उनकी हो गई। ऐसे में उद्धव गुट को शिवसेना यूबीटी नाम दिया गया। अब शिंदे की शिवसेना महायुति का हिस्सा है, जबकि उद्धव गुट महाविकास अघाड़ी के साथ है।

**कुंभ के बाद उद्धव ने साधा था निशाना :** महाकुंभ 2025 में एकनाथ शिंदे ने स्नान किया था। उनके डुबकी लगाने का वीडियो भी सामने आया था। इसके बाद उद्धव ठाकरे ने मराठी भाषा गौरव दिवस पर पार्टी के एक कार्यक्रम में कहा था कि गंगा में कई बार डुबकी लगाने से भी विश्वासघाती का टैग नहीं हटने वाला है। उन्होंने शिंदे का नाम लिए बिना कहा था "आप महाराष्ट्र को धोखा देते हैं और फिर डुबकी लगाते हैं। इससे किसी का पाप नहीं धुलता। गंगा में कई बार डुबकी लगाने के बाद भी विश्वासघाती होने का ठप्पा कैसे जाएगा?

# डिजिटल अरेस्ट कर 44.50 लाख रुपये ठगने के आरोप में 4 लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली.**



दिल्ली पुलिस ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो अधिकारी बनकर 'डिजिटल अरेस्ट' के जरिए एक व्यक्ति से 44.50 लाख रुपये ठगने के आरोप में चार साइबर जालसाजों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। 'डिजिटल अरेस्ट' एक साइबर अपराध होता है, जिसमें जालसाज स्वयं को कानून प्रवर्तन अधिकारी बताकर लोगों पर कानून तोड़ने का झूठा आरोप लगाते हैं। उन्हें पैसे देने या व्यक्तिगत जानकारी का खुलासा करने के लिए मजबूर करते हैं।

**सीबीआई अधिकारी बनकर किया फोन :** यह घोटाला तब सामने आया जब मयूर विहार फेज-1 के रहने वाले वीरेंद्र कुमार इंदौरा ने 29 जनवरी को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस उपायुक्त (पूर्व) अभिषेक धानिया ने एक बयान में कहा, 'इंदौरा ने अपनी शिकायत में कहा कि उन्हें एक व्यक्ति ने स्वयं को सीबीआई अधिकारी बताकर फोन किया और उन पर आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने का झूठा आरोप लगाया। जालसाजों ने कानूनी कार्रवाई करने की धमकी देते हुए उन्हें गिरफ्तारी से बचने के लिए 44.50 लाख रुपये हस्तांतरित करने के लिए मजबूर किया।

**बैंक से चेक के जरिए निकाली गई रकम :** पुलिस उपायुक्त ने बताया कि जांच के दौरान बैंक खातों की फोरेंसिक लेखा परीक्षा से पता चला कि जयपुर के रहने वाले दिनेश सिंघाड़िया के नाम पर एक निजी बैंक में 38 लाख रुपये हस्तांतरित किए गए थे। डीसीपी ने बताया कि बाद में बैंक से चेक के जरिए रकम निकाली गई। पुलिस के एक दल ने जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए 5 मार्च को जयपुर में छापेमारी कर दिनेश सिंघाड़िया को गिरफ्तार कर लिया।

**घोटाले में 5 अन्य का भी हुआ खुलासा :** पूछताछ के दौरान सिंघाड़िया ने घोटाले में 5 अन्य लोगों की संलिप्तता का खुलासा किया। उसके खुलासे के आधार पर धोखाधड़ी करने के लिए इस्तेमाल किया गया बैंक खाता खोलने में मदद करने के आरोप में प्रशांत वर्मा नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया।

**साइबर अपराधियों से सीधा संपर्क :** डीसीपी ने कहा कि बाद में जांच के दौरान महेश नेहरा नाम के व्यक्ति से जुड़े एक अन्य व्यक्ति प्रकाश चौधरी को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा कि नेहरा धोखाधड़ी का मुख्य साजिशकर्ता था और जिसका अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराधियों से कथित तौर पर सीधा संपर्क था। चौधरी ने धोखाधड़ी वाले खाते मुहैया कराने वालों से सोशल मीडिया के जरिए संवाद करके घोटाले के धन को सफेद करने में नेहरा की सहायता की।

**4 मोबाइल फोन भी बरामद:** पुलिस ने शनिवार को राजस्थान के कुचामन शहर में गजेंद्र कुमार नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया, जिसने सिंघाड़िया को बैंक से 38 लाख रुपये निकालने में मदद की थी। पुलिस ने गिरोह की अवैध गतिविधियों के समन्वय के लिए इस्तेमाल किए गए चार मोबाइल फोन भी बरामद किए।